medicine tends to focus on the management of disease. Ayurveda provides us with the knowledge of how to prevent disease and how to eliminate its root cause if it does occur.

The Institute of Teaching and Research in Ayurveda Bill seeks to confer the status of an institution of national importance to a cluster of Ayurvedic institutions in Gujarat -- Ayurveda University Campus in Jamnagar. The three institutes, which would be clubbed are the Institute of Post Graduate Teaching and Research in Ayurveda, Jamnagar; Shree Gulabkunverba Ayurved Mahavidyalaya, Jamnagar; and the Indian Institute of Ayurvedic Pharmaceutical Sciences, Jamnagar.

Once again, it will be established in the favoured State of the Ruling Party, that is, Gujarat. There are so many Ayurvedic institutions across the country, especially, the J. B. Roy State Ayurvedic Medical College and Hospital in West Bengal, which is one of the most prestigious institutions in the country besides the Universities in Chandigarh, Bengaluru, Banaras and the famous Kottakkal Vaidyashala in Kerala, which has branches across the country.

I would like to know from the hon. Minister, through you. What is the reason behind such arbitrary selection of institutes for granting INI? What parameters were taken into account for selection of these institutes? The institute that secures first rank in the field of Ayurvedic studies has also been ignored.

The aim of the proposed Bill is to empower the institute into becoming the most important Centre in its field. Why is such a step being taken, especially, in the State of Gujarat and not in other places where better institutes of Ayurveda exist?

Now, coming to the other features of the Bill, firstly Section 5 (d) states that : "The privilege to be enjoyed by the employees of the institute will remain unchanged". The Government must see to it that in case any difference exists amongst the three institutes, then they must be done away with and there must be a parity of privileges in the proposed institution.

Section 6(1)(k) states that there will be three Members of Parliament of whom two shall be elected from amongst themselves by the Members of the House of People. I would like to request the hon. Minister, through you, Sir, that Government must make sure that one should compulsorily be from the Opposition party.

Section 7(1) states that the term of office of the elected or nominated Member will be five years but it is not clear whether he or she stands eligible for re-election or not. So, I would request the Minister that it must be mentioned in the Bill in order to prevent any sort of confusion in the future.

Section 8(1) of the Bill states that there will be a President of the Institute who will be nominated by the Central Government from amongst the members of the Institute. Instead of nomination by the President, provision must be made for election of the President by the members of the Institution. This will enhance and promote democratic ideals within the Institute. More so because he or she will lead the executive wing of the Institute and this must be an elected post and not a nominated one.

Section 15 talks about the financial matters of the proposed institution but there is no mention of regulation of fess that can be charged by the same. It is evident that medical education in India is very

expensive and unaffordable for a huge population. Thus, it deprives eligible candidates from becoming a part of the field. Thus, keeping this in mind, the Government must formulate a policy to regulate the fee structure of medical education, not only of this Ayurveda Institute but all other medical colleges charging exorbitant fees.

Section 25 reflects the overpowering and controlling nature of the present Government. Thus, the ruling party, in case of any differences, the decision of the Central Government would be final. The Governing Body of the Institute having people holding high posts and great knowledge who would always work for the development of the institution. The Government must keep this in mind instead of stating that their decision would be final. As the party does not give heed to the amendments proposed by the Opposition parties, similarly it would not give importance to the institutions.

All the Members of the House are representatives of the people of India. We might be from the Opposition parties but form a part of the legislative process, and our right to contribute to law making is not being allowed to be exercised in the way it should be. The House has become a debating ground where the final say is of the ruling party, and it is arbitrarily taken for granted that the Opposition has nothing to contribute.

I would like to conclude by saying that in order to give Ayurveda the status it deserves, intensive documentation of the currently available ayurvedic treatments practised in different regions in the country and their standardization is more important than the standardisation of drugs. The former would contribute to consolidation of ayurvedic clinical experience and improvement of expertise of the ayurvedic professional

and the latter will help the pharmaceutical industry more. This must be mentioned in the Bill in order to ensure that such process is followed strictly.

I would like to request the hon. Minister to look into the grave matter under which fake medicines are being sold under the name of Patanjali and other brands endorsing Ayurveda. Serious steps must be taken against such industries which are playing with the health of people.

Even to this date, there are numerous herbs and plants that are used by the tribal population of India and are known to us. The Government must set up a national expedition to find out these herbs that can play an important role in curing severe diseases given the current scenario of novel virus posing threat to the entire globe. India having eight per cent of biodiversity is capable of contributing in finding out beneficial herbs.

Finally, I would like to bring to the notice of the House that there are two greatly valuable and informative forms of literature on Ayurveda. Firstly, *Chiranjeevi Banaushodhi* by Shibkali Bhattacharya; and secondly, the famous film named *Arogya Niketan* based on the novel by Tarasankar Bandyopadhya.

Both are the great sources of information on Ayurvedic discipline. I would urge the hon. Members to read the book and watch the movie to realise its value and importance. I would like to request the hon. Minister that the Books, namely, Dhanvantari, Charaka, Sushruta and Chiranjib Banausadhi by Shibkali Bhattacharya should be translated in all the languages of the country in order to make Ayurveda more developed. With these words, I support the Bill on behalf of my Party

and I hope the hon. Minister would consider my points that I have raised here.

**SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU (NARSAPURAM):** Sir, I appreciate the efforts of the hon. Minister, Shri Shripad Yesso Naik, to take up this Bill, which is the brainchild of our hon. Prime Minister, to take Ayurveda forward to reach the entire boundaries of the world. No doubt Ayurveda has reached the boundaries of the world already and in the world, it is being practised in a much better way than us. In Nepal, I wish to say, 80 per cent of the people are using only Ayurvedic medicines and in Sri Lanka also. Though it was started in India, yet it is a growing market in India.

Ayurveda is nothing but the 'Science of Life' and 'Longevity' which was initially invented by Dhanvantari and we all celebrate Dhanvantari's Birthday as Ayurveda Day which comes two days before Diwali. I would request the hon. Minister and all the hon. Members to name it Dhanvantari Institute of Teaching and Research as he was the pioneer of Ayurveda. Let us respect the inventor of this science, the Lord of the Science.

We wholeheartedly welcome the Institute that is coming up in Jamnagar, Gujarat, but as many of our friends are aware that Kerala is the main centre for Ayurveda, we should also have four other centres across India. One should be in Kerala for South India and likewise, let there be four centres of excellence in different regions. The science developed by Dhanvantari has been propagated through Sushruta and

Charaka. We have great *Granthas* –Charaka Samhita and Sushruta Samhita. Maybe, the regional institutes can be named after Charaka and Sushruta. We all talk of Tirukkural for good teachings and like that in medicine, there are so many *Shlokas* in Charaka Samhita and Sushruta Samhita. We should have these reserved institutes take up all the *Shlokas,* understand the meaning and make the research so as to pass it on to the next generations.

With regards to Ayurveda, I would like to talk about one of my real life experiences. My grandmother had cancer and we took her to Sloan Kettering, USA. The famous doctor there said, if she suffers pain after surgery, she will live for one year. Otherwise, there are only six months. We came back. Then we decided to go for Ayurveda treatment. Fortunately, Ayurveda treatment coupled with meditation helped her; she is now 94 years old and she is still strong. So, this is my real life experience of how Ayurveda has worked in my own family. I want this course to penetrate in the society. We have to serve generations and generations with this particular great science of Ayurveda.

Sir, we have two Ayurveda institutes in Andhra Pradesh, one in Vijayawada and another in Tirupati. I request that reasonable grants be sanctioned to them.

Sir, in my Parliamentary Constituency, I have come up with the idea of starting a centre in each municipality for yoga and meditation in an area of 7,000 square feet to 8,000 square feet. These centres cater to yoga and meditation requirements of the people. I now request, through this august forum, the hon. Minister for AYUSH, that alongside yoga and meditation we should have an ayurvedic outlet also in such units which will benefit the users of Ayurvedic medicine. Ayurveda offers

people the most effective and the cheapest medication with least side effects. Hence, I would request the hon. Minister to support our yoga and meditation centres by providing ayurvedic component under the Ministry of AYUSH in my Constituency. Sir, this is the need of the hour. We wholeheartedly support this Bill.

Last but not least, Sir, the entire world is now adopting Namaste, which is an integral part of Indian culture, as a form of greeting each other. Our hon. Prime Minister has made a mention of this. I believe a day would come when our Ayurveda will become the medicine of choice for the whole world. Thank you so much.

**श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** सभापति महोदय, आयुर्वेद को बढ़ोतरी देने के लिए और आयुर्वेद में संशोधन करके उसको ज्यादा महत्व देने के लिए जो बिल लाया गया है, उसका मैं समर्थन करता हूँ।

महोदय, गुजरात के जामनगर में आयुर्वेद यूनिवर्सिटी बनने वाली है। मुझे भरोसा है कि अपने पूरे भारत देश के उपयोग के लिए इस यूनिवर्सिटी से पूरा-पूरा फायदा होगा। आयुर्वेद अपनी भारतीय संस्कृति की देन है। अपनी भारतीय संस्कृति में चार वेद हैं- ऋगवेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। इनमें अथर्ववेद अत्यंत ही महत्वपूर्ण वेद है। आयुर्वेद में सिर्फ मानव जाति का ही नहीं, बल्कि उनके साथ-साथ पशु, पक्षी सहित सभी सजीव प्राणियों को सुखी और निरोगी जीवन प्रदान करने का काम किया गया है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम

से हमारे सारे पूर्वजों ने, जिनमें वैद्य धन्वन्तरि के माध्यम से आयुर्वेद की पद्धति प्रचलित हुई, उसका सारा इस्तेमाल हम आज भी करते आ रहे हैं। पहले इसका प्रयोग ज्यादा होता था, बीच में एलोपैथी आने के बाद तुरंत इलाज की आवश्यकता पड़ी। जैसे तुरंत इलाज मिलता था, वैसे ही ज्यादा बिल भी भरना पड़ता था। एक बार फिर से सारे देश और दुनिया ने आयुर्वेद की उपचार के तरफ जाने के लिए शुरुआत की है। ऐसे वक्त में जब भारतीय संस्कृति में आयुर्वेद की जो देन है, उसका महत्व बाहर के देशों में भी बढ़ रहा है। दुनिया के जो बड़े-बड़े देश हैं, वे भी आयुर्वेद की तरफ आकर्षित हुए हैं। इसके ऊपर उन्होंने ज्यादा संशोधन भी शुरू किया है। ऐसे वक्त में भारत को भी कभी पीछे नहीं रहना चाहिए। अपने देश को भी इसमें ज्यादा से ज्यादा संशोधन करना चाहिए। अच्छे अध्यापकों को भी तैयार करना चाहिए। जैसा इसके उद्देश्य में लिखा है कि देश में आयुर्वेद के विशेषज्ञों और चिकित्सा अध्यापकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए इस बिल की आवश्यकता है। मैं मानता हूँ कि यह सही बात है। इसका उद्देश्य सही है और इसका विचार भी सही है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूँ, वैसे तो खास कर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विचार से भारत में एक नए डिपार्टमेंट, यानी आयुष डिपार्टमेंट की स्थापना हुई है। शुरू से ही इस मंत्रालय का काम श्री श्रीपाद येसो नाईक जी संभाल रहे हैं। वह अच्छी तरह से इस मंत्रालय का रिजल्ट देने का काम कर रहे हैं और उसके ऊपर ध्यान भी दे रहे हैं।

आयुर्वेद के लिए आवश्यक चीजें वैस्टर्न घाट में ज्यादा मात्रा में हैं। मैं सौभाग्य से गुजरात के एक रिसर्च सैंटर में तीन-चार महीने पहले एग्रीकल्चर कमेटी के साथ गया था। वैस्टर्न घाट में आयुर्वेद रिसर्च के लिए बहुत सहूलियतों का निर्माण हो चुका है। केरल को इसका महत्व ज्यादा अच्छी से मालूम हुआ और केरल ने एडवांस आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट शुरू किया। चाहे महाराष्ट्र का वैस्टर्न घाट हो या श्रीपाद नाईक जी का गोवा हो, यहां वैस्टर्न घाट के जितने भी प्रदेश हैं, पहाड़ी इलाके हैं, इनमें आयुर्वेदिक रिसर्च सैंटर तैयार करने की आवश्यकता है। कई जगह आयुष अस्पतालों का निर्माण हो चुका है। मेरे संसदीय क्षेत्र में भी दो आयुष अस्पताल दिए गए हैं। मैं इस बिल के माध्यम से माननीय मंत्री जी से

प्रार्थना करता हूं कि वैस्टर्न घाट के सिंधुदुर्ग जिले में खास तौर से डोडामार्ग एरिया में आयुष की उपचार पद्धति और रिसर्च के लिए काम किया जाए, क्योंकि इससे ज्यादा उपलब्धियां मिल सकती हैं। मेरा कहना है कि सिंधुदुर्ग के डोडामार्ग में आयुवेर्दिक रिसर्च सैंटर की शुरुआत करें।

जामनगर में यूनिवर्सिटी बना रहे हैं, जब यहां से ज्यादा जानकारी मिलेगी, रिसर्च का आधार मिलेगा तो इसका लाभ पूरे देश को हो सकता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि सिंधुदुर्ग में आयुर्वेदिक रिसर्च सैंटर जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

मैं एक बार फिर इस विधेयक का समर्थन करता हूं। अच्छा काम हो रहा है, इसके लिए मैं अपनी और अपनी पार्टी शिवसेना की ओर से बधाई देता हूं। धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** मैं एक छोटी सी करैक्शन कर दूं। चौथा वेद आयुर्वेद नहीं अथर्ववेद है। वह जानते हैं, बहुत बार स्लिप हो जाता है।

…(व्यवधान)

**SHRI KOTHA PRABHAKAR REDDY (MEDAK):** Hon. Chairperson, Sir, thank you very much for giving me an opportunity to speak.

As the house is aware, Ayurveda plays an important role in our life and it reduces the cost of the treatment and helps poor patients which is cost-effective because of its preventive and curative approaches.

On behalf of TRS Party, we are welcoming the establishment of the Institute of Teaching and Research in Ayurveda, Jamnagar as an Institute of National Importance and as a premier institute. We also

request the Union Government to set up more Ayurveda hospitals and research institutes in Telangana to meet the demands of the people. Some States had glorious Ayurvedic traditions in the country and Telangana is one among them. As the House is aware, research is the backbone of the development of Ayurveda and we have to concentrate and allocate more funds for research institutes.

Now, I come to the issues of Telangana. I would like to state that the Government Ayurveda Hospital in Erragadda in Hyderabad is having a total bed strength of about 100 beds and has average outpatients of 250-300 per day and 68 per cent bed occupancy, which needs more basic amenities and funds from the Union Government. This hospital may be developed as an Institute of National Importance.

I would also like to state that the Government Ayurvedic Teaching Hospital in Warangal in Telangana is running with about 100 beds and needs to be upgraded with other requirements.

Now, I will come to my Medak parliamentary constituency. The Government Ayurveda Hospital in Toopran which falls in my Medak parliamentary constituency is having a total bed strength of nine beds with less staff and has average outpatients of 50 per day.

I request that under the National AYUSH Mission, steps may be taken to further upgrade this Ayurveda Hospital in near future to help the poor patients who are residing in the local area and who have represented to me several times.

I request the hon. Minister of AYUSH, through the Chair, to kindly intervene in the matter and do the needful. Thank you, Sir.

**श्री विजय कुमार (गया):** सभापति महोदय, आपने मुझे आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान विधेयक, 2020 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद।

मैं इस विधेयक के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। हमारा देश आदिकाल से आयुर्वेद के उद्भव का देश रहा है। हमारे यहां यह पद्धति गांव-देहात, शहर सभी जगह अपनाई जाती है और इसका भरपूर लाभ मिलता है।

इस विधेयक के माध्यम से सरकार आयुर्वेद को शिक्षण और संस्थान के रूप में जामनगर गुजरात में प्रतिस्थापित करना चाहती है, जो जनहित में सकारात्मक पहल है और इससे आने वाले दिनों में लोगों को इलाज के लिए आयुर्वेद के माध्यम से सस्ती दवा मिलेगी और इस पर विशेष वैज्ञानिक शोध का अवसर प्राप्त होगा। जामनगर को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा और आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष अनुसंधान का अवसर प्राप्त होगा।

सरकार की यह सराहनीय कोशिश है कि महर्षि पतंजलि योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा को और इसके अनुसंधान संस्थान को आयुर्वेद संस्थान में शामिल करके जनता को इसका अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए।

मैं और हमारी पार्टी जनता दल (यू) इस विधेयक का समर्थन करती है और हम आशा करते हैं कि इसके उद्देश्यों से जनता को भरपूर लाभ मिलेगा। आज दुनिया भर में आयुर्वेद से संबंधित जानकारी, इसकी सेवाएं और इसमें आम लोगों की रुचि बढ़ रही है। इस विधेयक के माध्यम से सरकार की कोशिश सराहनीय और स्वागत योग्य है।

आज विपक्ष के कुछ माननीय सांसदों ने आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के बारे में सवाल खड़ा किया। माननीय मोदी जी के नेतृत्व में आज जो विकास हो रहा है, आयुर्वेद के विकास की जो बात की जा रही है, वह बहुत सराहनीय है। जब कांग्रेस की सरकार थी, उस समय आयुर्वेद पर ध्यान नहीं दिया गया था। आज 'मोदी है तो मुमकिन है' और आगे काम बढ़िया होगा। मैं माननीय मंत्री जी से

आग्रह करूंगा कि गया में जो आयुर्वेद का कॉलेज है, उसको पुनः चालू करवाने की भरपूर कोशिश करें। जय हिन्द, जय भारत।

**श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर):** धन्यवाद सभापति महोदय, मैं आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान विधेयक, 2020 पर बोलने के लिए खड़ा हूं और मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। तीन आयुर्वेदिक संस्थानों का विलय करके एक नया इंस्टीट्यूट बनाने के लिए यह बिल आया है। ये जो तीन इंस्टीट्यूट हैं, उनमें the Institute of Post Graduate Teaching and Research in Ayurveda, Jamnagar, Shree Gulabkunverba Ayurved Mahavidyalaya, Jamnagar and the Indian Institute of Ayurvedic Pharmaceutical Sciences, Jamnagar, इन तीनों संस्थानों को मिलाकर नया इंस्टिट्यूट बनाने के लिए आज भारत सरकार का आयुष मंत्रालय यह बिल लाया है। यक एक अच्छा बिल है। इस इंस्टीट्यूट का ऑब्जेक्टिव है to develop patterns of teaching in medical education in Ayurveda and pharmacy, आयुर्वेद और फार्मेसी शिक्षण पैटर्न को कैसे विकसित करना है। इसका एक और उद्देश्य है to bring together educational facilities for training of personnel in all branches of Ayurveda, to attain self-sufficiency in postgraduate education to meet the need for specialists and medical teachers in Ayurveda, and make an in-depth study and research in the field of Ayurveda.

आयुर्वेद के क्षेत्र में शोध करने पर ध्यान दिया जा रहा है। मैं बिल में देख रहा हूं कि कंपोजिशन ऑफ इंस्टिट्यूट में 15 मैम्बर्स की कमेटी होगी, जिसमें मिनिस्टर ऑफ आयुष भी रहेंगे। आयुर्वेद विभाग के सैक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ आयुष के हैड और हैल्थ डिपार्टमेंट के सैक्रेटरी सहित 15 मैम्बर्स की कमेटी बनेगी। गुजरात के जामनगर में एक इंस्टिट्यूट खोला जा रहा है। केरल और तमिलनाडू राज्य आयुर्वेद के ऊपर ध्यान दे रहे हैं। ओडिशा के सी.एम. का भी आयुर्वेद के ऊपर ज्यादा ध्यान है। ब्रह्मपुर में डॉ. अनन्त त्रिपाठी शर्मा आयुर्वेदिक

मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल है, उसको आयुष डिपार्टमेंट मदद कर रहा है। मैं चाहता हूं कि ओडिशा में एजुकेशन और रिसर्च के ऊपर आयुष डिपार्टमेंट ध्यान दे। आज जो बिल आया है, उसके लिए मैं अपनी पार्टी बीजू जनता दल की तरफ से धन्यवाद देता हूं।

**श्री राम शिरोमणि (श्रावस्ती):** माननीय सभापति जी, आपने मुझे आयुर्वेद शिक्षण संस्थान विधेयक, 2020 के महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। सभापति महोदय, भारत में जन स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने में आई तेजी से और इसमें बढ़ती हुई भूमिकाओं को देखते हुए, इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करना चाहिए। इससे सार्वजनिक क्षेत्र में आयुर्वेद की भूमिका को बढ़ाने में और ज्यादा प्रोत्साहन मिलेगा। आयुर्वेद को बढ़ावा देने से स्वास्थ्य की मद पर भारत सरकार का खर्च घटेगा, क्योंकि रोग निवारक दृष्टिकोण से आयुर्वेद किफायती होता है।

सभापति महोदय, दुनिया भर में आयुर्वेद से संबंधित जानकारी और सेवाओं के साथ-साथ इसमें लोगों की रुचि भी बढ़ रही है। भारत आयुर्वेद की जननी है। पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय स्तर से आयुर्वेद के क्षेत्र में शिक्षण और प्रशिक्षण के उन्नत स्थान के लिए भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रही है। सभापति महोदय, प्रस्तावित संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा मिलने से इसे आयुर्वेद शिक्षण संस्थान का स्तर बढ़ाने, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मांग के अनुरूप विभिन्न पाठ्यक्रम तैयार करने और उन्नत मूल्यांकन कार्यपद्धति को अपनाने में स्वायत्ता नहीं मिल सकेगी और इससे लोगों में आयुष की गहरी पैठ बनाने और अपना प्रमाणन पाठ्यक्रम बनाने का अधिकार मिल जाएगा तथा जन स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए इसकी क्षमता भी बढ़ जाएगी।

**15.58 hrs** (Shrimati Ram Devi *in the Chair)*

सभापति महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती जो नेपाल के बार्डर से सटा हुआ है, यहां पर वन औषधियों की बहुतायत में उपलब्धता है। इन परिस्थितियों में मेरे संसदीय क्षेत्र में आयुर्वेदिक औषध रिसर्च सेन्टर खोलने, आयुर्वेद शिक्षण संस्थान व रिसर्च सेन्टर तथा दवा उत्पादन सेन्टर का निर्माण करने पर विचार करें तो बहुत सराहनीय कार्य होगा। इसी के साथ-साथ सरकार से आग्रह है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सहित आयुर्वेद के कितने संस्थान संचालित हैं, उनकी सूची भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें। दवाओं और डॉक्टर्स की उपलब्धता के साथ-साथ आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार के लिए भी सरकार उचित व्यवस्था करे।

**16.00 hrs**

**डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर):** धन्यवाद, मैडम। मैं द इंस्टीट्यूट ऑफ टीचिंग एंड रिसर्च इन आयुर्वेद बिल, 2020 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं।

मैडम, मैंने अपने छोटे से जीवन में मुझे कैसे रहना चाहिए, कैसा खाना चाहिए, कैसा पीना चाहिए, कैसे सोना चाहिए और कैसे जीना चाहिए, वह मुझे आयुर्वेद ने सिखाया है। मुझे आयुर्वेद की जो थोड़ा-बहुत नॉलेज है, वह मुझे श्री गुलाबकुंवरबा आयुर्वेदिक महाविद्यालय से मिली है, जिसके बारे में आज हम यहां चर्चा कर रहे हैं, इसलिए मैं आज बहुत प्रसन्न हूं। आयुर्वेदाचार्य और आयुर्वेदक होने के नाते मेरा फर्ज भी बनता है और मेरी बहुत तीव्र इच्छा भी थी कि आयुर्वेद के प्रचार और प्रसार, उसकी एजुकेशन, ट्रेनिंग और रिसर्च के लिए कुछ न कुछ करना चाहिए। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय मंत्री श्री श्रीपाद येसो नाईक जी के प्रति आभारी हूं कि आजादी के बाद पहली बार हमारे देश में ऐसा हुआ है कि जो हमारी पौराणिक चिकित्सा पद्धतियां हैं, उनके लिए आयुष डिपार्टमेंट अलग से बनाया गया और उसमें बहुत बड़ा फण्ड भी दिया गया। जो हमारी आयुष चिकित्सा पद्धतियां हैं, वे उनका बहुत प्रचार-प्रसार भी कर रहे हैं। इसके अंतर्गत ही आज हम यह बिल लेकर आए हैं।

मैं जहां पढ़ी हुई हूं, मैं जिस वजह से यहां खड़ी हूं, वे संस्थाएं गुजरात आयुर्वेद युनिविर्सिटी और गुलाबकुंवरबा आयुर्वेदिक महाविद्यालय हैं, जिनकी चर्चा आज हम यहां पर कर रहे हैं।

मैडम, आयुर्वेद केवल कोई चिकित्सा पद्धति नहीं है, वह चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ जीवन जीने का विज्ञान है। इसीलिए हम किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति की आलोचना नहीं कर रहे हैं, लेकिन आयुर्वेद मात्र शारीरिक चिकित्सा पद्धति नहीं है, इसमें शरीर के साथ-साथ मन और आत्मा के लिए भी बात की गई है। हमने जिसके लिए इस पृथ्वी पर जन्म लिया है, व्यक्ति के जो चार पुरुषार्थ हमारे शास्त्रों में गिनाए गए हैं – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, इनके लिए भी हमारे शास्त्रों में कहा गया है- "आयुः कामायमानेन धर्मार्थ सुख साधनं, आयुर्वेदोपदेशेषु विधेयः परमादरः।"

इसका मतलब यह है कि जो हमारे चारों अर्थ दिए गए हैं, उनकी प्राप्ति के लिए हमारा शरीर निरोगी होना चाहिए। इसमें मोक्ष तक की बात की गई है, न कि सिर्फ शरीर की। इन सभी पुरुषार्थों को प्राप्त करने के लिए हमारा शरीर निरोगी होना चाहिए। बहुत सारी ऐसी कथाएं हैं कि जब समुद्र मंथन हुआ था, तब भगवान धन्वन्तरी अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे और सिर्फ हम मानवों को ही नहीं, देवताओं को भी चिकित्सा की जरूरत पड़ती है और वहां स्वर्ग में भी अश्विनी कुमार जैसे वैद्य हुआ करते थे। ऐसी कथाएं हमारे सुनने में आती हैं। …(व्यवधान) मैं सबसे पहले सरदार पटेल, जामनगर के महाराजा दिग्विजय सिंह महाराज, गुलाबकुंवरबा महारानी, प्राणजीवन मेहता, विजय ठाकर, वैद्य सी.पी. शुक्ल को नमन करना चाहती हूं कि सरदार पटेल, जामनगर के महाराजा दिग्विजय सिंह महाराज, गुलाबकुंवरबा के परामर्श से ही इस संस्था की स्थापना जामनगर में 1922 में की गई थी। वहां इन सारे वैद्यों ने आयुर्वेद को दिशा दी थी। इस संस्था के चार डिपार्टमेंट्स को जोड़कर, उसे राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया जा रहा है। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट टीचिंग एंड रिसर्च इन आयुर्वेद, जामनगर और श्री गुलाबकुंवरबा आयुर्वेदिक महाविद्यालय को इसमें जोड़ा गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद फार्मास्यूटिकल साइंस, जामनगर और महर्षि

पतंजलि इंस्टीट्यूट फॉर योगा, नेचुरोपैथी एंड एजुकेशन एंड रिसर्च, जामनगर, इन चारों संस्थाओं को इसमें जोड़ा गया है।

इन चारों संस्थाओं को जोड़कर एक राष्ट्रीय संस्था बनाने जा रहे हैं। आईपीजीटी एंड आरए कोर्स 65 सालों से जाम नगर में चल रहा है, इसमें दस विभाग हैं और पीजी की 53 सीट्स, पीएचडी की 20 सीट्स हैं। इसमें अत्याधुनिक 6 लैबोरेट्रीज भी हैं और 200 बैड का अस्पताल भी है। डब्ल्यूएचओ ने इसे पारम्परिक चिकित्सा के लिए स्वीकार किया है और तीन-चार विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग स्कीम के अंतर्गत इस संस्थान में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

सभापति जी, इस बिल की विशेषता मंत्री जी ने और मेरे पूर्ववक्ताओं ने बता दी हैं। मैं आयुर्वेद के बारे में बोलना चाहूंगी। मैंने पहले भी बताया कि आयुर्वेद सिर्फ चिकित्सा पद्धति नहीं है, बल्कि जीवन जीने की साइंस है। हमारी केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का स्वास्थ्य के लिए जो वास्तविक बजट है, उसमें हम बहुत ज्यादा प्रावधान स्वास्थ्य के लिए करते हैं। यदि हम इसमें आयुर्वेद अपनाते हैं, तो हम स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में बहुत ज्यादा कमी ला सकते हैं और हमारे देश के लोग स्वस्थ और तंदुरुस्त भी रह सकते हैं। आयुर्वेद में कहा गया है – स्वस्थ्स्य स्वास्थ्य रक्षणं। यह पहला सूत्र आयुर्वेद का है। आयुर्वेद में सिर्फ दीर्घायु की कल्पना नहीं की गई है, बल्कि सुआयु के साथ दीर्घायु की कल्पना की गई है। मैं माननीय प्रधान मंत्री और माननीय मंत्री जी का फिर से धन्यवाद करती हूं कि वे इतना महत्वपूर्ण बिल लाए हैं।

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे (शिरूर):** महोदया, आयुर्वेद की संस्था को इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इम्पोर्टेंस का दर्जा देने वाली बात निश्चित ही सराहनीय है, लेकिन यह जो बिल The Institute of Teaching and Research in Ayurveda Bill, 2020 सदन के सामने आया है, इसमें कुछ कमियां देखी जा सकती हैं और कुछ सुधारों का निश्चित संभाव है। बॉय इन लार्ज देखा जाए तो The Bill seems

to be a bit vague in nature. This Bill only mentions about all branches of Ayurveda. लेकिन किन सारी ब्रांचेज का इसमें अंतर्भाव किया जाने वाला है, यदि इसकी स्पष्टता हो, तो इससे लाभ होगा। इसके अलावा इसमें बताया गया है कि इसमें 15 सदस्यों को रखा जाएगा, जिसमें से केवल तीन ही टेक्नीकल एक्सपर्ट्स हैं। मैं मंत्री जी से दरख्वास्त करना चाहता हूं कि अगर सभी ब्रांचेज का इसमें अंतर्भाव होने वाला है, तो हर ब्रांच का एक टेक्नीकल एक्सपर्ट इसमें हो, तो इसकी फंक्शनिंग में काफी सुविधा होगी, क्योंकि an institute of national importance needs more technical expertise.

दूसरी बात यह है कि फंक्शनिंग प्लान और वर्किंग प्लान इस इंस्टीट्यूट का बताया गया है,

it looks vague. For an institute of national importance, the working plan needs to be concrete and very clear. One of the objectives of the Bill is to make an in-depth study and research in field of Ayurveda. आज हम आयुर्वेद की बहुत बढ़ चढ़कर बात करते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि आयुर्वेद में आज भी मार्डन रिसर्च मैथोडोलॉजी जैसे कि फेज वाइज क्लीनिकल ट्रायल्स की आज भी कमी है। काफी सारी आयुर्वेदिक औषधियों का इस्तेमाल क्रानिक थैरेपीज में किया जाता है इसलिए आयुर्वेदिक औषधियों के साइड इफेक्ट्स क्या हैं या क्या हो सकते हैं, इसके बारे में अभ्यास करने की जरूरत है। आज भी हम आयुर्वेद विश्व में मानी जाने वाली चिकित्सा प्रणाली कहते हैं, लेकिन यदि हम यूएस एफडीए अप्रूवल के लिए जाते हैं या यूरोपियन मेडिसिन गाइडलाइन्स की तरफ जाते हैं, तो इसमें आयुर्वेद का उल्लेख नहीं होता है, उसमें सिर्फ हर्बल मेडिसिन का उल्लेख होता है। इसलिए आयुर्वेद विश्व स्तर पर तभी स्वीकार होगा, जब रिसर्च में पारदर्शिता बढ़े और ज्यादा से ज्यादा रिसर्च पब्लिकेशन्स आएं। मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या इस इंस्टीट्यूट के तहत modern formulation and drug delivery system का आयुर्वेद में अंगीकार करने हेतु कुछ प्रावधान करने के बारे में सरकार क्या कुछ सोच रही है। इसी के उपलक्ष्य में मैं ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि स्वर्गीय डाक्टर सरदनी ढाने

जी के अथक प्रयास से वर्ष 1989 में मुम्बई स्थित केईएम अस्पताल और नायर अस्पताल में आयुर्वेद रिसर्च सैंटर 1989 से कार्यान्वित है।

देश के विख्यात gastroenterologist surgeon, Dr. Ravi Bapat का भी इसमें बहुत बड़ा सहयोग रहा है। यह गर्व की बात है कि मॉडर्न हॉस्पिटल्स वर्किंग ऑन आयुर्वेद के चुनिंदा उदाहरणों में से ये दो उदाहरण हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या इन दो सेंटर्स को इंस्टिट्यूट ऑफ नेशनल इम्पॉर्टेंस के पर्व्यू में ला कर, उन सेंटर्स की ऑटोनॉमी बरकरार रखते हुए, उनकी क्षमता बढ़ाई जा सके, जिससे उन्हें ट्रेन्ड आयुर्वेदिक स्टाफ मिले, टेक्निशियंस मिले और नेसेसरी इंफ्रास्ट्रक्चर मिले, जिससे आयुर्वेद के क्लिनिकल रिसर्च को बहुत बड़ी मात्रा में लाभ हो सकता है।…(व्यवधान)

मैडम बहुत अहम् मुद्दे हैं। This Bill also loses an opportunity to include the facility of cross training of modern stream of medicine. क्या यह इंस्टिट्यूट आयुर्वेद के डॉक्टरों को एलोपैथी तथा एलोपैथी के डॉक्टरों को आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त कराने के लिए शॉर्ट टर्म कोर्सेज का प्रावधान करेगी? Here I would like to quote my teacher and an eminent gastroenterologist surgeon, Dr. Ravi Bapat. जो हमेशा कहते हैं – "बीमारी तथा रोग के खिलाफ जंग में आयुर्वेद कवच का काम करता है और एलोपैथी बंदूक का काम करता है।"

सभापति महोदया, जंग जीतने के लिए हमें दोनों की जरूरत है। इस इंस्टिट्यूट के तहत इस बारे में ध्यान देना चाहिए, जिससे भारत का डॉक्टर-पेशेंट रेश्यो 1:1800 है, लेकिन डब्ल्यू.एच.ओ. के मानकों के अनुसार वह कम से कम 1:1000 होना चाहिए, ताकि इससे लाभ हो। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सांसद, अजय भट्ट जी।

…(व्यवधान)

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे (शिरूर):** मैडम, यह बहुत अहम् मुद्दा है। मुझे बोलने के लिए एक मिनट दीजिए मैं कन्क्लूड करता हूं। बहुत सारे जनरल

प्रैक्टिशनर्स, आयुर्वेद प्रैक्टिशनर्स एक्यूट इलनेस को ट्रीट करने के लिए विदाउट प्रॉपर नॉलेज एंड इंफॉर्मेशन के एलोपैथी ड्रग्स का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे कुछ कोर्सेज का प्रावधान हो तो उससे काफी लाभ हो सकता है।

अंत में, एक अहम् मुद्दा सभी लोग उठा रहे हैं, why only Gujarat? अगर देखा जाए तो Kerala and West Bengal have rich tradition. मैं why only Gujarat की बात इसलिए कर रहा हूं कि केरल और वेस्ट बंगाल में बहुत बड़ी ट्रेडिशन है। अगर आप आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजेज की बात करें, तो गुजरात में सिर्फ 29 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजेज हैं, जबकि महाराष्ट्र में 62 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजेज हैं। मैं दरख्वास्त करना चाहूंगा कि ऐसे नेशनल इंस्टिट्यूट गुजरात के साथ-साथ महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल और केरल में भी बने। आयुर्वेदिक संस्था बनाने की यह सोच अभिनंदनीय है, लेकिन अगर एक कॉम्प्रिहेंसिव बिल लाया जाए, तो इससे फायदा होगा। आज भारत आयुर्वेद के लिए जाना जाता है, लेकिन इसी के साथ भारत इंटीग्रेटेड मेडिसिनल एप्रोच के लिए वर्ल्ड लीडर बन सकता है। इस संभावना पर भी विचार हो, ऐसी मेरी गुजारिश है। धन्यवाद।

**माननीय सभापति:** माननीय सांसद, अजय भट्ट जी।

**एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर):** माननीय सभापति महोदया, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है। मान्यवर, मैं उन सभी साथियों के साथ अपने को संबद्ध करता हूं, जैसे पूनम बहन और दूसरी बहन जो यूनिवर्सिटी में पढ़ी-लिखी हैं, जिन्होंने अच्छी-अच्छी बातें बताई हैं। हम पूरी तरह से आयुर्वेद शिक्षण और संस्थान विधेयक, 2020 का समर्थन करते हैं।

मान्यवर, आयुर्वेद की जो प्रासंगिकता पहले थी, वह आज भी है और यह लगातार बढ़ती जा रही है, यह घटने वाली नहीं है। अगर आप विश्व के तीन दिनों के आंकड़ों को देखें तो  कोरोना वायरस के फर्स्ट फेज, सेकेंड फेज में हमारा देश सबसे कम प्रभावित हुआ है, क्योंकि हमारी जीवन-पद्धति ही ऐसी है। हमें जीने की ऐसी ही पद्धति सिखाई गई है।

मान्यवर, हमारे विजनरी प्रधान मंत्री जी ने सत्ता वर्ष 2014 में संभाली थी और सत्ता संभालने के तुरंत बाद चार महीनों के अंतर्गत आयुष के लिए अलग मंत्रालय का गठन कर दिया। उसके साथ-साथ उसके लिए बहुत अच्छा बजट भी रिलीज कर दिया। इससे पहले जो सरकारें थीं, उन्होंने बहुत ही कम बजट दिया था और आयुर्वेद को एक तरह से अलग रखा गया। अगर हम वर्ष 2000 से पहले नजर डाले, तो 200 करोड़ रुपये, फिर 300 करोड़ रुपये, इससे पहले तो और भी कम था। माननीय मोदी जी ने सत्ता में आते ही 500 करोड़ रुपये का बजट दिया और वर्ष 2019-20 में 1990 करोड़ रुपये का बजट दिया है। हमें इस समय बहुत बड़ी मात्रा में 2,122 करोड़ रुपये का बजट दिया है, ताकि यह आगे बढ़ सके।

मान्यवर, मुझे पूर्ण विश्वास है कि अगली बार हमें यह बजट बहुत बड़ी मात्रा में मिलने वाला है, क्योंकि यूनाइटेड किंगडम में प्रिंस चार्ल्स फाउंडेशन के अंतर्गत कॉलेज ऑफ मेडिसिन का हमारा एमओयू साइन हो चुका है, जिस पर काम चल रहा है।

ब्रिटेन में आयुर्वेद फेमस हो रहा है, क्यूबा में पंचकर्म का सेन्टर खुल चुका है। एक-से-बढ़कर एक क्षेत्र में हम आगे जा रहे हैं।

गाजियाबाद में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन है। इसी तरह से, दिल्ली के नरेला में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ होम्योपैथी है।

हमें यह जानकर खुशी होती है कि स्मॉल पॉक्स का जो टीका लगता है, वह भी हमारे यहाँ से ही इजाद हुआ है। इमरजेंसी के दौरान जब धर्मपाल जी को बंद कर दिया गया था, तो बिनोवा भावे जी और जयप्रकाश नारायण जी बहुत ही नाराज हुए, तो उनको तत्कालीन सरकार, माननीय इंदिरा जी ने रिहा तो कर

दिया, लेकिन धर्मपाल जी ने कहा कि मैं कुछ दिनों तक भारत में नहीं रहूँगा और वे विदेश चले गए। विदेश जाने के बाद उन्होंने तीस सालों तक स्टडी की और उनकी कई पुस्तकें आईं। उनकी जो पुस्तकें आईं, उनमें से एक पुस्तक में जिक्र आया है कि बंगाल में बहुत पहले स्मॉल पॉक्स का जो टीका लगा था, वह वहाँ से इजाद हुआ था, वही कारण बना आज के टीके का। ...(व्यवधान) हाँ, मिथिला में भी बना और वहाँ भी बना।

इतना ही नहीं, मैं एक-दो चीजें और बताना चाहता हूँ। सर्जरी के बारे में कर्नल कूट का मामला सभी जानते होंगे। कर्नल कूट एक ऐसा व्यक्ति था, जो हैदर अली के साथ टकरा गया था। अंग्रेजों के साथ बार-बार टकराने से हैदर अली नाराज हुए और उन्होंने उनकी नाक काट दी और उसे घोड़े पर बिठा दिया और कहा कि भाग सकते हो, तो भागो। वह भागकर कर्नाटक के एक गाँव बेलगांव में एक वैद्य के पास पहुँचा। उस वैद्य ने कहा कि क्या तुम इस कटी नाक को लेकर इंग्लैंड जाओगे? उसने कहा कि क्या करूँ, कोई उपाय ही नहीं है कि यह जुड़ जाए। लेकिन उसकी नाक को उस वैद्य ने जोड़ दिया। उसके बाद वैद्य ने कुछ दवाई दी, दवाई लेकर वह इंग्लैंड गया। इंग्लैंड जाने के बाद उसने इंग्लैंड के सदन में यह बात कही कि मेरी कटी नाक भारत के एक वैद्य ने जोड़ी है। इसके बाद, इंग्लैंड से डॉक्टर्स का एक डेलिगेशन भारत आया और यहाँ उस वैद्य के बारे में पता किया। उनसे उन लोगों ने पूछा आप यह कैसे करते हो? उस वैद्य ने कहा कि मेरे यहाँ छः लाख गाँवों में से हर गाँव में एक वैद्य इसी तरह का है, यानी हमारी विधा इतनी शक्तिशाली विधा थी।

श्री अश्विनी कुमार, जो देवताओं के आचार्य माने जाते हैं, उन्होंने प्रजापति दक्ष के धड़ पर बकरे का सिर लगा दिया था। यह आप सब जानते हैं। बहुत कम समय है, मैं बहुत महत्त्वपूर्ण और रोचक बातें बताना चाहता था।

अगर आज पैंक्रियाज का कैंसर हो जाए, पैंक्रियाज में सूजन हो जाए, तो भारत ही नहीं, विश्व में कोई ऐसी ताकत नहीं है, कोई ऐसी दवा नहीं बनी है, जो इसे ठीक कर सकती है। लेकिन भारत के एक वैद्य ने एक हजार लोगों को ठीक कर दिया है, जो भारत में ही हैं।

जामनगर नगर में आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान घोषित करना श्री नरेन्द्र मोदी जी की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसी तरह से दिल्ली के सरिता विहार में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना करना, आयुर्वेद के एक वैद्य, जिन्हें आयुष मंत्रालय का सचिव बनाया गया है, ऐसी बड़ी-बड़ी उपलब्धियाँ हैं।

**SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI):** Hon. Chairperson, thank you very much for giving me this opportunity to participate in the discussion on this Bill.

Madam, while reacting on the provisions of the Bill I have a mixed feeling, both of happiness as well as sadness. Happiness is for the legislation that is sought to be passed. It is a good thing that we are doing. Sadness is owing to the fact that the hon. Minister has ignored the interest of the State of Kerala. The State of Kerala had a very strong case for having this internationally known Ayurvedic higher educational centre. There was a proposal from the Government of Kerala to have a university at Kottakkal which is the heartland of my parliamentary constituency. All the hon. Members who spoke before me on this legislation spoke very high about my State. That was really good to hear. If anybody, inside or outside India, thought about ayurvedic treatment, their first choice is Kerala and Kerala only.

In that sense, Kerala's case is very strong. Kerala is having a very glorious tradition of Ayurveda.

Madam, we know ABC of Kerala. What is expansion of ABC? A stands for Ayurvedic, B stands for Backwaters and C stands for culture.

That is Kerala. So, in that sense, our demand for a national institute is very important and significant. It was agreed in principle and the Kerala Government had included it in the Budget of 2015-16. The Government of India was also in favour of it. But unfortunately, that has not yet been materialized. We all know that there is a tendency around the world to return to the nature. Ayurveda, as correctly pointed out by my friends, is a Sanskrit word which means `science of life'. So, I would like to suggest that development of herbal and medicinal plant is very important since it is a vanishing kind of thing. We all know that Ayurveda already existed in this country since Indus Valley Civilization or maybe before that. So, emphasis on research and training on Ayurveda is very much needed. Creative and innovative kind of things need to be further strengthened.

I would like to say one more thing. There is a need for institutions for Ayurvedic Pharmaceutical Sciences. That is an area where we have to give more emphasis on. We have to give emphasis on other things also which is to keep the originality of Ayurveda. It is very important. Quality and branding of Ayurvedic medicines and its standardization is very necessary.

Another important thing that I would like to say is that damage created by commercialization of Ayurveda is a very dangerous thing. We have to ensure the quality of it. I feel that accreditation of Ayurvedic institutions is very necessary. …(*Interruptions*). I am going to conclude. Please give me one more minute. We are from Kerala and it is a very important place for Ayurveda. …(*Interruptions*). Necessity of R&D in this sector is very essential.

With these words, I conclude.

**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे (बीड):** सभापति महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं कि आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान विधेयक, 2020 पर आपने मुझे बात करने का मौका दिया है। मैं अपने आप को बहुत भाग्यशाली समझती हूं कि हमारे आयुष मंत्रालय के मंत्री सम्माननीय श्रीपाद येसो नाईक जी के मंत्रालय के विषय में बात करने का मुझे मौका मिल रहा है। श्रीपाद जी बहुत ही हैल्पफुल और खुशमिजाज़ मंत्री जी हैं। जब भी उनके पास जाओ, वे हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। उनके मंत्रालय के विषय में बात करते हुए मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही है।

महोदया, आज सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि एक एलोपैथी की डॉक्टर होते हुए मैं आज आयुर्वेद संस्थान के बारे में बात कर रही हूं। एलोपैथी वर्सेज़ अन्य मेडीसिन्ज़ में हमेशा से वॉर चलती रही है, लेकिन अच्छा भी लग रहा है, क्योंकि भले ही अलग-अलग विभाग हों, लेकिन हम सारे डॉक्टर्स फैमिली तो एक ही हैं, इसलिए मुझे इस विषय पर बात करते हुए अच्छा लग रहा है।

मुझे आज यह कहते हुए कहीं न कहीं दु:ख हो रहा है कि हमारी जो भारतीय संस्कृति रही है, जिसमें हम इंडियन्स रहते हैं, हमें जब तक दुनिया के बाकी लोग आकर किसी चीज़ का महत्व नहीं समझाते, तब तक हमें उस चीज़ का महत्व का पता नहीं चलता है। आयुर्वेद हमारा ही साइंस है, लेकिन जब तक दुनिया नहीं बोलेगी कि चीज़ें आयुर्वेदिक होनी चाहिए, ऑर्गेनिक होनी चाहिए, आयुर्वेद चाय में आना चाहिए, पेस्ट में आना चाहिए, क्रीम में आना चाहिए, तब तक हम लोगों को उसका महत्व समझ में नहीं आता है।

हमें यह महत्व जानने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि भारतीयों के तौर पर जब हम बड़े होते हैं तो यह हमारी परवरिश का एक बहुत अहम हिस्सा रहा है। हम मराठी में हमेशा कहते हैं कि जब घर में बीमारी होती थी, तो पहले कहां लोग डॉक्टर के पास जाकर गोली या इन्जैक्शन लेते थे, उसे हम 'आजी का बटुआ' या

'आई का काढ़ा' कहते थे। इसे आप हिन्दी में नानी या दादी का बटुआ कहते थे। मां जो काढ़ा बनाती थी, उसको हम इस्तेमाल कर के अपनी छोटी-छोटी तकलीफों को दूर करते थे।

मैडम, मैं एम.डी. डर्मेटोलॉजिस्ट हूं। कल को मेरा यह भाषण सुनकर सारे डर्मेटोलॉजिस्ट मुझे गालियां देंगे। मैं यह कहती हूं कि मुझे पिंपल्स की तकलीफ टीनएज से हमेशा से रही है। आज जब एक या दो माह में पिंपल्स निकल आते हैं तो मैं कोई एलोपैथी की क्रीम नहीं लगती हूं। मैं क्या लगाती हूं, यह सुनकर आपको अचरज होगा। मैडम, मैं टूथपेस्ट लगाती हूं तो वह तुरंत दब जाते हैं, क्योंकि उसमें लौंग का तेल होता है। ये सारी छोटी-छोटी बातें घर में करते रहते हैं, लेकिन इनको हम बड़े पैमाने पर अपनाने से कहीं न कहीं शर्माते थे, कतराते थे। इस शर्मिंदगी को दूर करने का काम मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है, क्योंकि आयुष मंत्रालय की स्थापना ही मोदी जी की सरकार में हुई थी।

आज यहां बहुत सारे लोग बात करते हुए यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि इस इंस्टीट्यूट को हम लोग नेशनल इंस्टीट्यूट का दर्जा देने की बात कर रहे हैं, जिसके लिए यह बिल आया है। इस बिल का महत्व यह है कि यह तीन संस्थाओं को एक छत के नीचे लाएगा, जिसमें कॉलेजेज और रिसर्च इंस्टीट्यूट्स हैं। इनको करने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि आज समय आ चुका है कि नई बीमारियों की रोकथाम के लिए, उनके इलाज के लिए हम कहीं न कहीं आयुर्वेद की पहल लेकर आगे चलें, जिसका लोहा दुनिया मान चुकी है, उसको हमें अपने देश में भी मनवाने की आज जरूरत है। यह काम अगर किसी के कार्यकाल में हो सकता है तो मुझे लगता है कि वह हमारे आदरणीय मोदी जी के कार्यकाल में ही हो सकता है। आयुष मंत्रालय का काम भी अच्छा चल रहा है। जो लोग काम करते हैं, उनसे ही लोग उम्मीद करते हैं और मांगते हैं। आज यह इंस्टीट्यूट जामनगर में स्थित है। बाकी इलाकों से भी देश में लोग इसकी मांग कर रहे हैं।

मैं यहां आयुष मंत्रालय के माध्यम से एक छोटा सा मुद्दा उपस्थित करना चाहती हूं। आयुष मंत्रालय के माध्यम से डिस्ट्रिक्ट लेवल पर आयुष हॉस्पिटल बनवाने का जो प्रावधान किया गया था, उसके तहत मेरे जिले में भी आयुष

मंत्रालय ने एक आयुष हॉस्पिटल मंजूर किया है, लेकिन उसका काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जब तक हम इसको जिला स्तर पर लेकर नहीं जाएंगे तो आयुर्वेद का प्रचार और प्रसार अच्छे तरीके से नहीं कर पाएंगे।

मैं आपके माध्यम से यह विनती करती हूं कि इसका काम जल्द से जल्द हो सके और पुरातन ज्ञान को नए जमाने के मानक और मापदण्ड पर खरा उतारने के लिए आज यह इंस्टीट्यूट एक पहल है। जब यह इंस्टीट्यूट बनकर फुली फंक्शनल हो जाएगा, तब आयुर्वेद की नॉलेज दुनिया की नॉलेज के सामने अपनी भूमिका निभा पाएगी। मैडम, आपने मुझे बात करने का मौका दिया, इसलिए आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए, मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए, इस बिल का समर्थन करती हूं।

**SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA):** Madam, I thank you for this opportunity to take part in the discussion on the Institute of Teaching and Research in Ayurveda Bill, 2020.

To begin with, I congratulate the hon. Minister of AYUSH, Shri Shripad Yesso Naik, for introducing a Bill that seeks to promote the importance of Ayurveda across the nation.

Ayurveda is a necessity, especially today, because of the rising consumption of modern medicines that use chemical ingredients and chemicals that are not familiar to the body. So, they behave like foreign bodies in our body but Ayurvedic remedies are natural and familiar to the body. So, it does not create any stress for the body to accept and get acted in our body.

However, I have some strong objections to the Bill. This Bill seeks to merge three existing Ayurvedic institutions from Jamnagar, Gujarat.

The main objectives mentioned in the Bill are to: (i) develop patterns of teaching in medical education in Ayurveda and pharmacy, (ii) bring together educational facilities for training of personnel in all branches of Ayurveda, (iii) attain self-sufficiency in postgraduate education and to meet the need for specialists and medical teachers in Ayurveda, and (iv) to make an in-depth study and research in the field of Ayurveda.

The main functions of the Institute include: (i) providing for undergraduate and postgraduate teaching in Ayurveda, (ii) prescribe courses and curricula for both undergraduate and postgraduate studies in Ayurveda, (iii) provide facilities for research in the various branches of Ayurveda, (iv) hold examinations and grant degrees, diplomas, and (v) maintain well-equipped colleges and hospitals for Ayurveda and supporting staffs such as nurses and pharmacists.

Now, each and everyone of these objectives and functions can be better fulfilled by Kerala than any other State in India. Kerala has the largest number of Ayurvedic Colleges and Practitioners compared to any other place in the world and Kerala is, probably, the only State in India where Ayurveda is used as a mainstream medicine.

Ayurveda has a rich history; originally shared as an oral tradition, Ayurveda was recorded more than 5,000 years ago in Sanskrit in the four Vedas namely, the Rig Veda, Yajur Veda, Sama Veda, and Atharva Veda. Ayurvedic theory states that all areas of life impact one's health. So, it follows that the Vedas cover a wide variety of topics including health

and healthcare techniques, astrology, spirituality, government and politics, art and human behaviour. In short, Ayurveda is a method of getting pampered and healed by the best of what Mother Nature has to offer and if Ayurveda is called the mother of all healings, then Kerala should be called the maternity home, not any other State.

Kerala is one of the very few places in the world where an average temperature of 24-28 degrees prevails in the rainy season. Our State experience a cool monsoon season with a very good climate throughout the year. The rich weather, the pristine white backwaters, peaceful environment and a source of wide variety of plants and herbs with medicinal value are requirements for the practice of Ayurveda that Kerala offers better than any other place in the world. The Trivandrum Ayurveda Medical College was established in 1899. If none of these compelling reasons are still not sufficient, out of the numerous papers published all over the world on the Ayurvedic heritage and practices, Kerala has the largest number.

So, I urge the Minister to establish an institute on Ayurveda in Kerala with national importance and acknowledge thousands of years of practice of Ayurveda in Kerala.

**DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR):** Madam Chairperson, I thank you for giving me an opportunity to speak on the Institute of Teaching and Research in Ayurveda Bill, 2020.

I would like to first congratulate hon. Prime Minister, Narendra Modiji and the hon. Minister, Sripad Yesso Naikji for bringing this Bill

to further strengthen the development of Ayurveda in India.

The Bill has been brought in at the right time in view of the rapidly growing role of Ayush systems in addressing the public health challenges of India; and conferring the status of national importance to this Institute will boost the importance of Ayurveda in public health.

Madam, since I have been allotted only three minutes, I will just try to make some suggestions, through you, to the hon. Minister. The Ministry of Commerce has said that the total world herbal trade is currently assessed as 120 billion US dollars. India's share in the global export of herbs and herbal products is low due to inadequate quality control procedures, lack of research and development, and lack of regulatory framework in the trade of medicinal plants.

For development of Ayurveda and Ayush systems, we have to incentivise and promote the export of herbs and herbal products. Secondly, the dream project of our hon. Prime Minister, PMJAY offers a cashless insurance of up to Rs. Five lakh for poor families. In this connection, I would like to suggest that if we could include AYUSH system of medicine under this, it will give a boost to the Ayurveda system in this country.

Lastly, I would like to thank the hon. Minister for sanctioning a 30-bed AYUSH Hospital in my constituency, Ahmednagar, which will provide Ayurvedic healthcare facilities to the people of Ahmednagar as well as in its adjoining areas. However, I would like to request the hon. Minister to increase its capacity from 30 beds to 200 beds so that a greater number of people can avail medical facilities.

**SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI):** Madam Chairperson, I thank you for giving me the opportunity.

The initiative of the Central Government to bring the Institute of Teaching and Research in Ayurveda Bill is an effort to develop medical education in Ayurveda, with a view to make it a prevalent practice across the country. Our hon. Prime Minister, Narendra Modiji is promoting Yoga and Ayurveda in our country.

As such, I congratulate our hon. Minister of State of the Ministry of AYUSH, hon. Shripad Yesso Naik-ji, for having brought this Bill for consideration in this august House.

Sir, the main motto of the Bill, as mentioned in the Statement of Objects and Reasons, is to conglomerate three Ayurvedic Institutes in the campus of Gujarat Ayurveda University at Jamnagar in Gujarat by establishing them as one institutions, and to upgrade standards of Ayurveda with introduction of various advanced courses in Ayurveda.

On this line, Section 12 of this Bill describes its major objects of developing patterns of teaching, bringing together in one place educational facilities of the highest order for the training of personnel in all important branches of Ayurveda including Pharmacy, attaining self-sufficiency in postgraduate education to meet the country's needs for specialists and medical teachers in Ayurveda, and making an in-depth study and research in the field of Ayurveda.

At this juncture, I would request the hon. Minister for AYUSH to upgrade the National Institute of Siddha situated at Chennai in my State of Tamil Nadu to the level of national importance like IIT, IIM, NIT etc.,

so that the Institute can itself decide the eligibility criteria for admission and standard syllabus as per national and international demand, duly ensuring the importance to every student.

Apart from the above, I would also request the hon. Minister for AYUSH to commence one National Institute of AYUSH at temple town in Palani, in my State of Tamil Nadu. It is a hilly area where plenty of medicinal minerals and herbs are available adjacent to my Theni Parliamentary Constituency. The said place 'Palani' is the *Samadhi Sthala* of the 'Bogar Siddhar', who was one among the 18 Siddhas, with adequate knowledge of Ayurveda medicine, astrology, spirituality and yoga.

As an expert in medicine, he prepared an amalgam of nine medicinal minerals using about 4,448 rare herbs. Using this amalgam, that is, *Nava Bashanam*, he made the main idol, Moolavar, which is currently worshipped in the said temple for Lord Muruga.

With these few words, I support this Bill. Thank you.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Madam Chairperson, I rise to support this Bill with a suggestion to declare the Thiruvananthapuram Regional Ayurvedic Research Institute as an Institute of national importance.

Madam, India is proud of the fact that our country is having the origin of Ayurveda, and the whole world is looking at India regarding

the innovative models of traditional Ayurvedic knowledge, treatment and medicines.

Ayurveda is a system of medicines, which treats both body and mind. Therefore, it is the right time to give more focus to the Indian Systems of Medicines, particularly, Ayurveda.

Ayurvedic system is a traditional medicine system in India, which is widely practised uninterruptedly. Even during the time of the Buddhist period in India, there are codified literatures dated thousands of years back. For example, Charaka Samhita and Sushruta Samhita. These are very old literatures, which were available even at the time of the Buddhist. It is the first organised form of medicines on the planet, and continues to be a vibrant system of healthcare for millions of people in the world.

Madam, what is the significance of Ayurvedic treatment? Fifty years back, a majority or most of the deaths that took place in the globe, was because of the communicable diseases. But if you examine the '2016 World Health Organisation Report' relating to mortality, you would find that 71 per cent of the deaths are due to non-communicable diseases, namely, cardiovascular, cancer, diabetics and related complications, and respiratory diseases. Non-communicable diseases kill 41 million people per year. That means, 71 per cent of the death is because of the non-communicable diseases. That is the recent Report of the World Health Organisation of 2016.

What is the significance and unique feature of Ayurveda? We have to see it in that circumstances.

The ayurvedic treatment modalities has a great effect on chronic, non-communicable lifestyle disorders both, in prevention and in improving the quality of life of the patients. This is the uniqueness of ayurvedic treatment. As far as the non-communicable diseases like cardiovascular, diabetes and related complications, cancer as well as all these lifestyle disorders are concerned, we have both, the prevention as well as improved lifestyle in Ayurveda.

Madam, I would like to place on record the significance of Ayurveda in my State of Kerala. My learned friends have almost cited all these things. The State of Kerala is pioneer in promoting ayurvedic system of medicine. We have five Government ayurvedic medical colleges and 20 private colleges. We have the Thiruvananthapuram Ayurvedic College founded in 1889. In 1902, the Kottakkal Arya Vaidya Sala was started. Most of the eminent personalities, the then Presidents, Prime Ministers, were getting treatment in Kottakkal Arya Vaidya Sala, which is 117 years old. It is having academic excellence both, in theory and practice.

There are two ways of ayurvedic medicinal preparation. There is a metallic preparation as well as herbal preparation. In Kerala, we are mainly depending on herbal preparations and, that is why, the side-effects will be very less. That is the significant feature of ayurvedic treatment of Kerala. The climatic conditions of Kerala suits for ayurvedic treatment. Kerala is preserving Ayurveda without losing its theoretical integrity and pragmatic value.

Hence, Madam Chairperson, I demand that Regional Ayurveda Research Institute, Thiruvananthapuram also be declared as an institute of national importance. I also urge upon the hon. Minister and the

Government that a National Institute of Herbal Medicinal Plants be commenced in the State of Kerala. If possible and feasible, let it be in my constituency, Kollam. We are ready to provide the land for having such an Institute in Kerala.

Coming to the Bill, I fully support the Bill in having an Institute of National importance in Gujarat. When we give preference to Gujarat, I appeal to the Government to please have a look at the State of Kerala which is pioneer in promoting ayurvedic treatment throughout the globe.

With these words, I support the Bill. Thank you very much.

**डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) :** महोदया, मैं सबसे पहले तो इस बिल का समर्थन करता हूं। यहां पर जितने भी स्पीकर्स हैं, जितने भी वक्ता है, मैं उन सभी को बहुत धन्यवाद देता हूं, क्योंकि मैं पहली बार यह देख रहा हूं कि चाहे इधर से बोल रहे हों, या उधर से बोल रहे हैं, सभी लोग आयुर्वेद का समर्थन कर रहे हैं। मैं हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी और हमारे आयुष मंत्री श्रीपाद येसो नाईक जी का भी बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।...(व्यवधान)

महोदया, यहां कई लोगों ने बोला है, लेकिन समय बहुत कम है, इसलिए मैं मुख्य-मुख्य बातें बताना चाहता हूं। भारतीय संस्कृति और परंपरा का मूल वेद है और वेद से निकला हुआ, ऋग्वेद से निकला हुआ जो उपवेद है, उसका नाम आयुर्वेद है। कई लोगों ने कहा है कि आयुर्वेद केवल मात्र किसी का ट्रीटमेंट करने के लिए नहीं है। हमारे जीवन में जो चार पुरुषार्थ होते हैं - धर्म, अर्थ काम और मोक्ष, उनको प्राप्त करने का साधन आयुर्वेद है। इसलिए, आयुर्वेद यह कहता है कि -

'धर्मार्थ काम मोक्षाणां आरोग्यं मूलमुतमम्।'

अच्छा मूल और उत्तम आरोग्य कैसे प्राप्त हो, यह आयुर्वेद बताता है। इसीलिए, डब्ल्यूएचओ ने बाद में किया है, लेकिन दुनिया के अंदर सबसे पहले स्वस्थ कौन है, स्वास्थ्य की परिभाषा क्या है, यह सबसे पहले आयुर्वेद ने कहा है। स्वस्थ का मतलब यह है कि स्वस्थ, जो अपने में स्थित है। बिना किसी दूसरे की सहायता लिए, बिना कोई दवाई लिए, जो अपने आप रह सकता है, जो अपने सभी काम कर सकता है, वही स्वस्थ है। इसलिए -

'समदोषः समाग्निश्च समधातुमलक्रियः,

प्रसन्नात्मेन्द्रियमनः स्वस्थ इत्यभिधियते।'

आयुर्वेद ने सबसे पहले दुनिया के अंदर स्वास्थ्य की परिभाषा दी है। कई लोग बोलते हैं कि दुनिया में सबसे सर्वश्रेष्ठ प्राणी का नाम आदमी है, लेकिन सबसे ज्यादा बीमार भी मानव ही होता है। जंगली जानवर नहीं होते हैं, पक्षी नहीं होते हैं। वे क्यों नहीं होते हैं? इसका यह कारण है कि हमारा जो मूल आहार-विहार है, हमने उसको छोड़ दिया है और आयुर्वेद इसी बात पर जोर देता है। वह कहता है कि पॉलीटिक्स करो, बिजनेस करो, कुछ भी करो, लेकिन जीवन में सबसे पहले प्राथमिकता क्या होनी चाहिए –

'सर्वम मन्यत परित्यज्ये शरीरम् अनुपालयेत्,

तद् भावेय भावानाम् सर्वाभावे शरीरानाम्।'

आप दुनिया में सब कुछ छोड़ दीजिए, लेकिन टॉप मोस्ट प्रायोरिटी is how to remain fit, यह आयुर्वेद कहता है, आयुर्वेद इसकी बात करता है।

मैडम, मेरे कुछ सजेशंस हैं। हमारे मंत्री जी यहां पर बैठे हैं। कई लोगों का सजेशन आ गया। अभी हम लोग जामनगर के अंदर बना रहे हैं। जामनगर बहुत पुरानी यूनिवर्सिटी है, वहां पर यह इंस्टीट्यूट बनना ही चाहिए। लेकिन हमारे देश

के अंदर चारों जगह – दक्षिण के अंदर भी बनना चाहिए, उत्तर के अंदर भी बनना चाहिए और पूर्व के अंदर भी बनना चाहिए। मैं माननीय प्रधान मंत्री और सदन से भी निवेदन करूंगा कि हमारे स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट 69 हजार करोड़ रुपये हैं और आयुष मंत्रालय का, जिसके ऊपर आज सारा सदन एक मत है, उसका पूरा बजट 2122 करोड़ रुपये है। यह बजट कई गुना, कम से कम दस गुना बढ़ना चाहिए, ऐसी हम लोगों की इच्छा है। उत्तर में पतंजलि बहुत अच्छा काम कर रहा है, इसलिए पतंजलि को इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपॉर्टेंस बनाना चाहिए, वहां लैबोरेट्री है, वैज्ञानिक हैं, एक्रिडेटिड लैब है, यह सब होना चाहिए। आयुर्वेद कहता है कि किस प्रकार से मालूम चलता है कि आदमी बीमार है। आयुर्वेद ने कहा है कि – "नाड़ी, मूत्रं, मलं, जिव्हां, शब्द स्पर्श दृगाकृतिम्।"

नाईक साहब, आज हमारे देश से नाड़ी विज्ञान लुप्त होता जा रहा है, आयुर्वेद से लुप्त होता जा रहा है। मैं निवेदन करूंगा कि नाड़ी विज्ञान के ऊपर बहुत ज्यादा रिसर्च की जाए, इस परंपरा को कायम रखा जाए, ताकि इसको जीवित रखा जा सके। मैन्युफैक्चर के बारे में कहना चाहता हूँ कि दवाई हम लोग बनाते हैं, कई बहुत सी गड़बड़ें चल रही हैं, जिससे हमारा आयुर्वेद बदनाम होता है। उदाहरण के लिए मैं बोल रहा हूँ कि वंसलोचन बांस से निकाली हुई चीज़ है, जिसका आज रेट दो से ढाई हजार रुपये प्रति किलो है, लेकिन आयुर्वेद की दवाई बनाने वाले लोग वंसलोचन की जगह सिलिका जेल यूज़ करते हैं, सिलिका जेल की कीमत सौ से डेढ़ सौ रुपये किलो है। आयुर्वेद कहता है कि भस्म बनाने के लिए कैल्सिनेटिड करना चाहिए, लेकिन ज्यादा बड़ी-बड़ी भट्टी जला कर हम ऑक्साइड में बनाते हैं, इससे उसकी टॉक्सिटी बढ़ती है, यह बंद होना चाहिए। आयुर्वेद ने जैसे कहा कि जो पद्धति है, इस पर रिसर्च करने की जरूरत नहीं है कि हम दवाई कैसे बनाएंगे, केवल इस बात की जरूरत है कि हम ऑटोमेशन कैसे करें। आज बड़ी जनसंख्या को देखते हुए हम उसको ऑटोमेशन कैसे करें? मैं माननीय मंत्री जी और सदन से एक और निवेदन करूंगा कि आयुर्वेद के लोगों को, जो मैन्युफैक्चरिंग करते हैं, उनको भांग से, मॉफीन से कोई भी दवाई बनाने की अनुमति इस देश में आज तक नहीं दी गई है। पेन किलर दवाई बनाने की अनुमति आयुर्वेद को नहीं दी गई है। आयुर्वेद क्यों नहीं बना सकता है? इसके

लिए परमिशन देना बहुत जरूरी है। मृगश्रृंग नाम से एक भस्म बनती है, जो बहुत सी बीमारियों में काम आती हैं। इस देश के अंदर हमारा वन विभाग करोड़ों रुपये के हिरण के सींग को जला कर खत्म करता है, लेकिन आयुर्वेद के लोगों को बेचता नहीं है, उसका यूज़ होगा, उसकी दवाई बनेगी और बहुत भयंकर बीमारियों के अंदर उसका इलाज काम आएगा। लुकमान वैद्य ने एक बात कही थी कि दुनिया के अंदर ऐसी कोई बीमारी नहीं, जिसका इलाज वनस्पति के अंदर नहीं है, केवल दो बातों को छोड़ कर के एक बुढ़ापे को छोड़ कर और एक मौत को छोड़ कर। यहां यह हमारा अज्ञान है कि हम वनस्पति के महत्व को नहीं समझ रहे हैं। लाखों तरह की वनस्पती है, उसका हम क्या-क्या यूज़ नहीं कर सकते हैं।

मैडम, अप्रैल, 2019 के अंदर एक फिल्म बनी, उसका नाम है ईस्टर्न मैडिसिन, उसमें दुनिया के बड़े-बड़े डॉक्टर्स और वैज्ञानिकों के इंटरव्यूज़ हैं। उन्होंने कहा कि जो फार्मास्यूटिकल कंपनीज हैं, अगर आप देखो सन् 2002 के अंदर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक एडवर्टाइज़मेंट दिया था, और कहा था कि आज-कल की जो फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज़ हैं, they are not health-giving industries; they are disease inducing industries. उन्होंने कहा कि किस प्रकार से this is a fraud on cancer.

मैडम, एक बात कह कर मैं अपनी बात को खत्म करना चाहता हूँ कि आज हम अगर प्रैक्टिस करना चाहते हैं तो उसको आयुर्वेदिक काउंसिल परमिशन देता है। अगर हम कोई दवाई बनाना चाहते हैं तो उसको मैन्युफैक्चरिंग का लाइसेंस लेना पड़ता है। लेकिन आयुर्वेदिक दवाई कोई भी पान बेचने वाला भी रख सकता है, इस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। जे.आर.डी. टाटा की बात बताना चाहता हूँ। जे.आर.डी. टाटा ने हेल्थ के बारे में किताब में अपनी भूमिका लिखी है। अंग्रेजी में लिखा है, उन्होंने कहा कि अगर आप बीमार हो, go to the doctor, get his prescription and pay his fees because doctor has to survive. उसका प्रिस्क्रिप्शन ले कर केमिस्ट के पास आओ, उससे दवाई खरीद कर पैसा दो, क्योंकि Chemist has to survive, लेकिन यह अंग्रेजी दवाई ला कर घर में रहो, but do not take it because you have to survive. अगर

अपने को सर्वाइव करना है, अच्छी हेल्थ बनानी है, हमें आयुर्वेद की शरण में जाना पड़ेगा, उसी के अनुसार चलना पड़ेगा।

*__SHRI M. SELVARAJ (NAGAPATTINAM):__ Madam Chairperson, Vanakkam. I thank you for giving me this opportunity. Thiruvalluvam says, *"Noi Naadi Noi Muthal Naadi Athu ThaNikkum Vaai Naadi Vaippaseyal"*. It means that let us find the disease, its cause, the cure for this disease besides having thorough examination of all the factors using our skill. I wholeheartedly support the Bill for the establishment of an Ayurveda Institute for Training and Research in Jamnagar, Gujarat. Ayurveda is an ancient and traditional form of medicine. It has so much of ancient pride and traditional glory. In villages they call it as grandmother's medicine. It is the best medicine providing cure for several ailments. In Ayurveda form of alternative medicine, there is a permanent solution for diseases like Cancer, heart ailments and urological diseases. Similarly fracture of bones and displacement of bones have permanent solutions in Ayurveda form of medicine. I am proud to know and welcome the setting up of an Institute of Teaching and Research in Ayurveda Medicine in Jamnagar, Gujarat.

Kottakkal Arya Vaidya Sala is an Organisation in Kerala extending best medical service continuously in the field of Ayurveda. I therefore urge upon the Government to set up a similar Research and Training Institute for Ayurveda medicine in Tiruvananthapuram of Kerala. If this Institute is located in Kerala, all the south Indian States will be benefited. Not only giving importance to the Northern States, adequate importance should be given to the Southern States as well. Kerala should be given an opportunity. Particularly, there are two Medical Colleges in my Nagappattinam constituency. Ayurveda form of medicine and Ayurveda drugs should be made available here in these two Medical Colleges. Thank you for this opportunity.

*__SHRI THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM):__ Madam Chairperson, Vanakkam. Ayurveda medicine is a benign gift from India to the entire humanity spread across the globe. I am duty-bound to welcome the Bill aimed to set up the Institute of Teaching and Research in Ayurveda medicine in Jamnagar of Gujarat.as an Institute of National Importance by merging several institutions into one. World famous Ayurveda medicine has lots of presence in Kerala. Similar to Ayurveda, I wish to register here that Siddha medicine is also world famous as traditional form of medicine. That is why near Chennai at Tambaram Sanatorium, a Siddha Medical Research Institute has been set up in the name of Ayothidoss Pandithar. But this Institute has been neglected and is under-developed without due attention. Therefore, the Union Government should declare this Ayothidos Pandithar Siddha Medical Research Institute as an Institute of National Importance. The Union

Government should come forward to develop Siddha Medicine throughout the country by strengthening it. I request you that not only at the level of Tamil Nadu State, but also Siddha Medicine should be strengthened with due importance at the national level also. As you have taken steps to set up an Ayurveda Medicine Research and Training Institute in Jamnagar of Gujarat, a similar Institute of National Importance should be set up in Kerala, particularly in Tiruvananthapuram which is famous for Ayurveda medicine and treatment. There is a Coronavirus threat throughout the country and the world. In India, as a cure to this virus, some persons belonging to an organisation are spreading some superstitious practices or wrong belief that drinking cow urine can be a cure to the impact of Coronavirus. I have an appeal to make here. I have learnt that hon. Prime Minister will deliver an address to the nation at 8 pm today. I hope that Hon. Prime Minister will also give some advice in this regard in his lengthy Address to the Nation. Thank you.

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** सभापति महोदय, आपका धन्यवाद। मैं संक्षिप्त में कुछ बातें कहना चाहूँगा। मैं तैयारी बहुत कुछ करके लाया था, लेकिन समय का अभाव है।

आयुर्वेद हमारे देश की प्राचीन धरोहर है। हमारे देश के सैकड़ों ऋषियों ने मेहनत करके, पुरुषार्थ करके एक-एक सूत्र पर अध्ययन करके इस चीज को हम तक पहुँचाया है। खास तौर से हमारे बीच में बहुत सारे ऐसे ग्रंथ हैं, जिन पर अनुसंधान की आवश्यकता है, किया भी है। जैसे चरक की चरक संहिता, सुश्रुत का शल्य चिकित्सा का सबसे प्रथम ग्रंथ है- सुश्रुत संहिता।

सुश्रुत संहिता, वाग्भट का कायचिकित्सा, भाव मिश्र का भावप्रकाशम, माधव का शारंगधरसंहिता, अष्टांग संग्रह, इस तरह से आयुर्वेद के बहुत सारे इस प्रकार

के ग्रंथ हैं। कश्यप ऋषि का कौमारभृत्य बाल चिकित्सा शास्त्र है। सैंकड़ों ग्रंथों के नाम मैं आपको बता सकता हूँ और यहाँ कह सकता हूँ, क्योंकि यह मेरा विषय रहा है। मेरे गुरू जी स्वामी सर्वानन्द जी ने 85 साल आयुर्वेद की चिकित्सा की। श्रद्धेय स्वामी ओमानन्द जी ने 50 साल आयुर्वेद की चिकित्सा की और मुझे इन दोनों का सानिध्य प्राप्त हुआ। कई बार एक प्रश्न कहने को आता है कि आयुर्वेद त्वरित काम नहीं करता है, लेकिन आयुर्वेद में इस प्रकार की चिकित्सा है कि एक बार यदि आदमी की जिव्हा पर औषधि चली जाए, तो अचेत व्यक्ति 5 मिनट में खड़ा हो सकता है। दुर्भाग्य इस बात का है कि आयुर्वेद में जो अनुसंधान का काम होना चाहिए था, हम पश्चिम की दौड़ में इस प्रकार बहके कि हमने पश्चिम की दवाओं पर बहुत काम किया, बड़े-बड़े इंस्टीट्यूट्स खड़े हुए, बड़े-बड़े रिसर्च के काम हुए। मैं बजट में भी देखता हूँ, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करूँगा कि उन्होंने आयुर्वेद की सुध ली है, नहीं तो ऐलोपैथिक के बजट में जितना रिसर्च पर पैसा दिया जाता है, जितने इंस्टीट्यूट खड़े किए जाते हैं, उसके मुकाबले आयुर्वेद में 'आटे में नमक' जैसी स्थिति रहती है।

मैं माननीय मंत्री जी से एक निवेदन करूँगा कि आयुर्वेद का जो मूल है, वह संस्कृत है। आजकल खास तौर से आयुर्वेद इंस्टीट्यूट में जो पढ़ाया जा रहा है, बायो के स्टूडेंट को तो वहाँ लिया जा रहा है, लेकिन संस्कृत के विद्यार्थी को अवॉइड किया जा रहा है। जब बच्चे के पास संस्कृत नहीं होगी, तो संस्कृत के जिन सामान्य ग्रंथों का मैंने यहाँ नाम लिया है, वह इनको पढ़ेगा कैसे और जब तक उसको भाषा समझ में नहीं आएगी, तो वह उसके विषय को नहीं समझ पाएगा।

दूसरा, मेरा निवेदन यह था कि तीन-चार मंत्रालयों को मिलाकर के एक कमेटी, आयोग बनाया जाए। जैसे आपको जड़ी-बूटियों की आवश्यकता पड़ेगी, उसमें कृषि मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय दोनों मिलकर काम करें। जब तक आयुष मंत्रालय के साथ में कृषि मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय मिलकर काम नहीं करेंगे, तब तक हम वन औषधि नहीं उगा सकते हैं। आज वनों में स्थिति यह हो गई है, पहले हमारे जितने भी वैद्य लोग थे, वे जंगल में जाकर जड़ी-बूटियाँ लेकर आते थे और ताजा दवाओं, ताजा औषधियों से काम

किया करते थे, रस आदि का निर्माण करते थे। आजकल लोग जंगल में घूसने ही नहीं देते हैं। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि फॉरेस्ट को डेवलप किया जाए और इस रूप में डेवलप किया जाए कि वहाँ वन औषधि पैदा की जाएं। बहुत से वृक्ष हैं, बहुत सी जड़ी-बूटियाँ हैं जो समाप्त होती जा रही हैं। हिमालय में बहुत सारी औषधियाँ इस प्रकार की है, जो आज मिलती नहीं हैं। जैसे माननीय डॉ. सत्यपाल जी आपके सामने कह रहे थे कि बांस से हमें जो औषधि प्राप्त होती थी, आज वह नकली आ रही है। बहुत सी दवाईयाँ इस प्रकार की हैं, जो नकली प्राप्त होती हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि आप इन तीनों मंत्रालयों के साथ समन्वय करके औषधियों को उत्पन्न करने का एक प्रोग्राम, कार्यक्रम बनाएं, ताकि हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति का पूरा विश्व लाभ उठा सके। जो आजकल नई-नई बीमारियाँ आती हैं, इसके लिए सबसे बड़ी एनर्जी अगर कहीं से हमें मिल सकती है तो वह आयुर्वेद से मिल सकती है। आयुर्वेद में किसी भी प्रकार के रिएक्शन की संभावना वन परसेंट रहती है और ऐलोपैथिक में कदम-कदम पर रिएक्शन की संभावना रहती है। मेरा निवदेन है कि अगर हम इस तरह से काम करेंगे तो हमें सफलता मिलेगी। मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**SHRI THOMAS CHAZHIKADAN (KOTTAYAM):** Thank you, Madam, for giving me an opportunity to participate in the discussion on the Institute of Teaching and Research in Ayurveda Bill, 2020. I would like to appreciate the hon. Minister for taking an initiative for setting up this institute.

Sir, I have an inhibition that the Minister has not taken consideration of the situation in Kerala. I am sure that the Minister has now come to the conclusion that almost all the hon. Members, who have participated in the discussion, have mentioned about the significance of

Ayurveda in Kerala. My humble request to the hon. Minister is that along with setting up an Institute of Ayurveda at Jamnagar, he should take an initiative to set up one more national institute of Ayurveda in Kerala because this is the consensus of this House.

Sir, Ayurveda has its origin about 5000 years back in India.

**17.00 hrs**

Centuries back, Ayurveda was the main medical stream for practice in India. In Kerala, Ayurveda continued to thrive over centuries because of its lands, geographical isolation and fortunes etc. Kerala is the paradise of Ayurveda. No country in the world can claim parity with Kerala in Ayurveda.

Kerala is blessed with good climate and abundant natural herbs that make it the best place to enjoy rejuvenating sessions and the Ayurvedic therapy sessions as well. Around four million people are coming from abroad to India, out of which more than 90 per cent are coming to Kerala for Ayurveda treatment. People from all over the world come to Kerala in search of Ayurveda treatment.

Madam, please give me one more minute. Prior to the implementation of the institutional education system in Ayurveda, long before the system of gurukula was existing in Kerala, especially in the field of Ayurveda. Ayurvedic disciples educated under the gurukula system have contributed to the renaissance of the Ayurveda in the modern world.

Madam, I would request once again …(*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** माननीय सांसद रामचरण बोहरा जी।

**SHRI THOMAS CHAZHIKADAN**: Please give me one minute.

Ayurveda system of Kerala is model for our nation. So, I would once again request the Minister to consider starting a national institute in Kerala. Thank you very much.

**श्री रामचरण बोहरा (जयपुर):** माननीय सभापति महोदया, मैं आपके प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं कि आपने मुझे आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान विधेयक, 2020 पर बोलने का मौका दिया। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का भी बहुत-बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं, जिन्होंने आयुर्वेद का महत्व समझा और वर्ष 2014 में आयुर्वेद का नया मंत्रालय बनाया और उसका जिम्मा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार को दिया गया। वर्ष 2014 में माननीय प्रधान मंत्री जी ने इसके लिए बजट का एलोकेशन किया क्योंकि जो वर्ष बीते, उसमें किसी ने आयुर्वेद पर ध्यान नहीं दिया। अभी वर्ष 2019 में माननीय प्रधान मंत्री जी ने इसके बजट में 52 प्रतिशत का इजाफा किया।

आयुर्वेद से जिस प्रकार के इलाज होते हैं, प्राचीन काल से जिस तरह से आयुर्वेद में जड़ी-बूटियां लाकर औषधियां बनाई जाती थीं, उस समय यह होता था कि अगर दिन में किसी झगड़े में किसी को घाव लग जाता था तो रात को उस पर मरहम लगाने से रात भर में वह घाव ठीक हो जाता था। अगर किसी चिकित्सा में कोई साइड इफेक्ट नहीं है तो वह आयुर्वेद में नहीं होता है। मैं माननीय मंत्री महोदय को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने वर्ष 2014 से लगातार छ: वर्षों तक इस पर काम किया है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में आयुर्वेद पर जिस तरह से काम हुआ है, उसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने योग को फिर से शुरू करके 177 देशों में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का काम किया। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि धन्वन्तरि, जो आयुर्वेद के दाता हैं, उनका महत्व समझकर उन्हें मान्यता देने का काम किया। आयुष्मान भारत योजना को आयुष

मंत्रालय में देकर देश की आधी आबादी का इलाज करने का काम किया, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदया, इस अवसर पर मैं माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि जो नए महाविद्यालय खोले जा रहे हैं, उस अनुपात में आयुष मंत्रालय के केन्द्रीय संस्थानों की संख्या नगण्य है। आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित, वित्त-पोषित जो गिने-चुने संस्थान हैं, उनमें एकरूपता नहीं है। शिक्षकों की योग्यता, अनुभव एवं वेतनमान में बहुत बड़ा अन्तर है। इन संस्थानों में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 60 साल है जबकि एलोपैथी में 65 वर्ष है। इसलिए इनकी भी 65 साल की जाए, ताकि इनके जो अनुभव हैं, उन अनुभवों का लाभ विभाग को और जनता को मिल सके।

महोदया, आयुर्वेद के नए संस्थानों की स्थापना की जाए। साथ ही, सेवा-नियमों में एकरूपता लाकर सेवानिवृत्ति की आयु को, जैसा मैंने पहले बताया कि इसे बढ़ा कर 65 वर्ष किया जाना चाहिए। प्रामाणिक एवं गुणवत्तापूर्ण औषधियों के निर्माण के लिए सरकार औषधि निर्माणशाला का निर्देश दे।…(व्यवधान)

सभापति महोदय, इलेक्ट्रोपैथी और इलेक्ट्रो होम्योपैथी जैसी अल्प विकसित चिकित्सा पद्धतियों की प्रामाणिकता की जांच कर लोक स्वास्थ्य को बनाए रखने का काम करें।

*__SHRI M.K. RAGHAVAN (KOZHIKODE):__ I come from the land of ayurveda. Madam Speaker, Kerala is God's own country. It is also the land of ayurveda. Therefore I, whole heartedly support the bill introduced by the Minister. Madam, *Aushani Anaushani, cha drayva guna Karmani dayanti, iti ayurveda*. This was said by Acharya Charaka. *Ayus* or life is the period between birth and death in short,

Ayush means life and ayurveda is the knowledge of life. So ayurveda, provides knowledge for the betterment of the quality of life.

Madam in north India, we follow the works of Acharya Susrutha and Charaka, in Kerala we follow the works of Vakbhata Acharya, namely Ashtanga hridaye and Ashtanga Samyam.

Madam, I am mentioning a pertinent point. Our Hon. Prime Minister, had participated in a programme organized in Calicut. It was the international ayurveda fest. He declared on that occasion, that Kerala will be given additional packages for the promotion of ayurveda. But nothing has happened so far. My request Madam, is that since Kerala is the homeland of ayurveda the National Institute for ayurveda should be created in Calicut.

There are so many fake medicines that are produced in our country, because of non availability of raw materials. I want to request the Minister, that there should be co-ordination between the Forest Ministry and the agricultural department and the Educational Ministry and they should coordinate, and come out with the programme to develop nurseries were medicinal plants and herbs can be cultivated in adequate quantity.

Kottakkal is an prestigious ayurvedic college with a great tradition. I humbly request that Kottakkal may kindly be given the status of a deemed university. I have nothing more so add, but I would like to request the Minister that, you should consider the points I raised here. Because, you yourself had declared when you come to Kerala that you will give a National Ayurvedic Institute to Calicut. So please fulfill that promise you gave us. I conclude, thank you very much.

**सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा):** सभापति महोदय, मैं इस बिल का बहुत ज्यादा समर्थन करना चाहती हूँ। जैसाकि अभी सत्यपाल जी ने कहा कि ऋगवेद से आयुर्वेद निकला है। आज हम आयुर्वेद और उस पुरानी पद्धति को भूल चुके हैं। हमारी भारतीय संस्कृति ही आयुर्वेद पर टिकी हुई है। हम तो इंसान हैं, लेकिन आप जानवर को भी देखें तो जो डॉग है, अगर उसको इन्डाइजेशन हो जाता है तो वह घास खाता है। घास खाने के बाद वह वोमिटिंग करता है और उसके बाद उसकी पाचन शक्ति ठीक हो जाती है। आज हम अपनी उस पुरानी पद्धति को भूल चुके हैं। यह कहा जाता है कि हिन्दुस्तान के लोग पीपल को पूजते हैं, तुलसी को पूजते हैं। इसके पीछे बहुत बड़ा कारण है। हम पीपल को पूजते हैं, क्योंकि वह 24 घंटे ऑक्सीजन देता है। हम तुलसी को पूजते हैं, क्योंकि इससे ज्यादा एंटी वायरल और एंटी बैक्टिरियल कोई भी पौधा नहीं है। उसको हम ओसिमम बोलते हैं। इसी तरह से अगर आपके शरीर में कहीं दर्द है तो जो यूकेलिप्ट्स है, अगर आप सफेदे के तेल से मालिश कर लें तो मुझे लगता है कि आपका हर तरह का जोड़ों का दर्द ठीक हो सकता है।

अगर हम पुराने समय और रामायण की बात करें, जब लक्ष्मण जी मूर्छित हो गए थे तो हनुमान जी हिमालय पर जाकर संजीवनी बूंटी लाए थे, उसकी वजह से उनकी जान बची। मुझे लगता है कि हम अपने आयुर्वेद को और ज्यादा बढ़ावा दें और पूरे हिन्दुस्तान के अंदर जगह-जगह इसके संस्थान खोले। अभी पिछले दिनों ही आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने बहुत जगह पर वेलनेस सेन्टर खोलें। Prevention is better than cure. इससे हम बीमार नहीं पड़ सकते हैं। आज वह 8 बजे कोरोना वायरस पर बोलने वाले हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि हम सब के सब गर्म पानी से गार्गल करें, तुलसी पत्ते का सेवन करें। इसके साथ-साथ अगर हम ज्यादा से ज्यादा संतरा, कीनू, मौसमी फलों को खाएं और विटामिन-सी को अपने अंदर रखें तो हम उस कोरोना वायरस को अपने अंदर पनपने से रोक सकते हैं। मैं इस बिल का बहुत ज्यादा समर्थन करती हूँ। जिस तरह से हमारे मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी ने इसके अंदर काम किए हैं, इसको बजट दिया है। अगर इसको

और भी ज्यादा बजट दिया जाए तो मुझे लगता है कि बहुत ज्यादा अच्छा रहेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):** Thank you, Chairperson. According to modern Ayurvedic sources, the origin of Ayurveda had been traced to around 6000 BC, when they originated as an oral tradition.

Ayurveda is a discipline of the Upaveda or auxiliary knowledge in the Vedic tradition. Medicine is as old as life itself. Ayurveda is the system of medicine that evolved in India and has survived as a distinct entity from remote antiquity to the present day.

The Sanskrit term 'Ayurveda' translates to knowledge of life. Our five senses serve as the portals between the internal and external realms, as the five great elements of ether, air, fire, water and earth, the dance of creation around and within us.

Madam, systematic development of Ayurveda started in Samhita Era with oldest known manuscript of Charak Samhita. Subsequently, Sushrutra also made a number of compilations. The text of Charak Samhita is a transcription of classroom conversation between Atreya Punarvasu and his students. This is believed to be written in 6$^{th}$ Century BC.

The basic question that arises is who is the father of modern Ayurveda. It is Dr. Muhammed Majeed. He belongs to the place from where our great friend Shri Premachandran comes. He is the world ambassador, also referred to by many, as the Father of Molecular Ayurveda and Chairman of Sami Group of companies. Dr. Muhammed

Majeed is the native of Kollam in Kerala. He introduced to the Americans that Ayurveda from India can act as a complete curative to their various ailments.

Madam, I support the institute being elevated to the status of national importance. We would also expect that in near future, more such institutes will be established throughout the country. Odisha has five good institutions relating to Ayurveda and I would also expect that Odisha also gets adequate support from the Union Government.

**डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट):** माननीय सभापति जी, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मेरा नंबर बहुत लेट लगा है, मेरा निवेदन है कि आप मुझे थोड़ा बोलने का समय दें। मैं मूल रूप से आयुर्वेद का ही चिकित्सक हूं और यहां चुनकर आया हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे शुरू में बोलने का अवसर मिलना चाहिए था।

मैं आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान विधेयक, 2020 का समर्थन करता हूं। आज आयुर्वेद की महत्ता पर जामनगर में शिक्षण और अनुसंधान को बढ़ाने के लिए बिल लेकर आए हैं, इसके लिए मैं आदरणीय मोदी जी और माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं। आज कम से कम इनके मार्गदर्शन में यह देश फिर से आयुर्वेद की महत्ता को प्राप्त करेगा। 3000 से 5000 वर्ष पुरानी विधा, जिसे हम अनेक वर्षों की गुलामी के कारण भूल गए थे, आज पुन: इसे स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह से योग को लाया गया है, ऐसे ही आयुर्वेद को स्थापित करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

यहां बहुत से सांसदों ने बातें कही हैं, मैं अपनी बात संक्षिप्त में कहूंगा। इसमें जितनी विधाएं हैं, उनका आज पुन: अनुसंधान करने की आवश्यकता है क्योंकि यह कहा भी गया है कि दुनिया में ऐसा कोई वृक्ष, मिट्टी या पेड़-पौधा नहीं है, जो औषधि न हो, केवल हमें उसका गुण धर्म मालूम होना चाहिए। हमारा शरीर पंच महाभूत से बना है। औषधियां भी पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश से बनी हैं और हमारा शरीर भी इन्हीं से बना है। बीमारी केवल इनकी कम या अधिक मात्रा के कारण होती है। जिस चीज की कमी होती है, अगर उसे पूरा कर दिया जाए तो चिकित्सा हो जाती है। एलोपैथी में लक्षण आधारित चिकित्सा होती है और इसमें वात, पित्त, कफ से देखकर होती है। यदि कमी की पूर्ति कर दी जाए तो बीमारी ठीक हो जाती है।

हमारी जनसंख्या बढ़ गई है और जड़ी-बूटियों की संख्या कम हो गई है। इनको उत्पादन की दृष्टि से किसानों के साथ जोड़ना चाहिए। आज के समय में उत्पादन का अनुसंधान किया जाना चाहिए कि किस बीमारी में आज के परिप्रेक्ष्य में कितना गुण धर्म बचा है या कितने गुण धर्म की कमी हुई है। इसे देखते हुए आज की तारीख में कितना डोज़ देना चाहिए, इसके ऊपर अनुसंधान करने की आवश्यकता है।

नाड़ी परीक्षण के बारे में, जैसे अभी सत्यपाल जी ने बताया, नाड़ी परीक्षण में पहले हमारे पुराने वैद्य केवल नाड़ी देखकर बता देते थे कि तुमने क्या खाया है, क्या पिया है और क्या बीमारी है, उसके आधार पर वे चिकित्सा करते थे। इसलिए, आज इसकी अत्यंत आवश्यकता है। …(व्यवधान) मैडम, एक मिनट। इसको प्रत्येक औषधि के गुणधर्म के आधार पर करें। आयुर्वेद में खान-पान के बारे में भी बताया गया है। सुबह से लेकर रात्रि तक हमारी दिनचर्या क्या होगी? आयुर्वेद में दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या और मौसम के हिसाब से सारा खान-पान और रहन-सहन था। हम बीमार नहीं होते थे। आयुर्वेद में यही चीज है कि हम बीमार न हों पहले इस बात की चिंता करें और बीमार हो जाएं तो कैसे ठीक हों, इस बारे में सोचें । इस बात का इसमें पूरा ध्यान रखा गया है। इसीलिए, जीवनी शक्ति बढ़ाने के लिए हमारे जो दैनिक खान-पान के तरीके हैं, यदि हम उसके ऊपर ध्यान देंगे तो हमें बीमारी से लड़ने में और अपनी जीवनी शक्ति को

बढ़ाने में मदद मिलेगी। …(व्यवधान) आप मुझे दो मिनट बोलने का अवसर दे दीजिए। मैं आयुर्वेद का चिकित्सक हूं। मैं केवल दो लाइन बोलना चाहता हूं।

**माननीय सभापति:** आप मुझे लिखकर दे दीजिए।

**डॉ. ढालसिंह बिसेन:** कम से कम एक मिनट दे दीजिए। अनुसंधान के साथ-साथ जिस तरह से इस देश में चार धाम हैं, उसी प्रकार यदि देश के चारों कोनों में आयुर्वेद के प्रशिक्षण और अनुसंधान के केंद्र बनते हैं, तो उससे लोगों को लाभ मिलेगा।

आयुर्वेद की चिकित्सा प्रणाली के लिए जब तक संस्कृत को सिलेबस में नहीं जोड़ा जाएगा, जैसे मेडिकल पढ़ने के लिए जाते हैं, वैसे ही संस्कृत की शिक्षा वाले व्यक्तियों को एडमिशन दिया जाए। मैं एक और बात कहना चाहता हूं कि हमें सिलेबस में बच्चों को स्वस्थ व्रत के बारे में भी पढ़ाना चाहिए। स्वस्थ कैसे रहें? यदि यह बात सिलेबस में अंकित हो जाएगी तथा हम मैट्रिक तक स्वस्थ व्रत के बारे में पढ़ लेंगे तो हमें आगे के जीवन में स्वस्थ रहने में मदद मिलेगी।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA):** Thank you, Chairperson, Madam.

There is a vast network of Ayurveda healthcare delivery system in Kerala, and there is no doubt about it. In Kerala, every Panchayat has one Ayurveda dispensary; in every taluka we have a taluka hospital; and in every district we have a district hospital. So, Kerala has a wide network for Ayurvedic treatment. We are giving equal importance to Allopathy as well as Ayurveda. However, the problem is that the entire expenditure for dispensary, taluka hospital and district-level hospital is borne by the State Government. The National Health Mission should

give financial assistance to the Ayurveda Health Centre, taluka hospital and district-level hospitals. We can improve infrastructure and other facilities of these hospitals. The problem being faced there is that sufficient number of buildings for it are not there; there is shortage of medicines; there is shortage of doctors; salary issue is there; and also shortage of paramedical staff.

If the Ministry of AYUSH, Government of India gives special consideration to Kerala and allots special assistance for improving the Ayurveda treatment there, then it will be very much helpful for the people of Kerala who are willing to have Ayurvedic treatment. The hon. Minister is very much aware about the Kerala Ayurvedic treatment as also Homoeo, Siddha and Unani.

There are so many super-speciality hospitals and medical colleges in private sector, and Government Ayurveda medical colleges are also there. Santhigiri Ashram is also running a hospital and college, and Mata Amritanandamayi Math is also running the Ayurveda college and hospital. Mr. M. K. Raghavan also just now mentioned about Kottakkal Arya Vaidyashala, which is a world-famous Ayurveda centre. These Centres should be upgraded as deemed Universities. This will be helpful for the Ayurveda sector, the students as well as patients who would get good treatment and good facilities.

Madam, I am concluding. I would urge upon the Government, through you, that fund constraint is a very big problem in Kerala. This year, NHM is not giving funds either for Ayurveda, Siddha, Unani or Homoeo.

I do not know what is the reason. Hence, I would request the hon. Minister to give an assurance that Ayurveda treatment and Ayurveda

sector would be provided with sufficient funds for the construction of hospital buildings, development of infrastructure, etc. The Government of India should ensure that maximum assistance is extended to Kerala.

**17.21 hrs** (Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair*)

**श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व):** मैडम, धन्यवाद। मैं इस बिल के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। मैं आज यह कहना चाहता हूं कि आयुर्वेद के लिए 2 से 3 लाख करोड़ रुपये का बजट मिनिस्ट्री का होना चाहिए था। Today, we see that we have become the victims of British policy, which destroyed our Indian culture. That is why, I would say that I am grateful to all the hon. Members from Kerala. केरल में आयुर्वेद के इंपोर्टेंस को मेंटेन किया हुआ है। मैं अपने भाषण को माननीय सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल जी के भाषण से शुरू करता हूं। जब लक्ष्मण जी इंजर्ड हुए थे तो हनुमान जी ने संजीवनी को ढूंढ़ने के लिए हिमालय में जाकर पर्वत को उठाया था। मैं आपको बताना चाहूंगा कि आज भी हिमालय में संजीवनी है। मैं माननीय मंत्री जी श्री श्रीपाद येसो नाईक जी को बताना चाहूंगा कि केरल में आयुर्वेद को बढ़ाया जा सकता है। रॉ मेटेरियल के लिए हमारे पास जम्मू कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश है। आज एक ऐसा प्लान है Subject to correction, caterpillar in botanical language, *yarsa gumba* which cost Rs.2 or Rs.3 lakh in India but the same being black-marketed in South East Asia at Rs.40 or Rs.50 lakh. This plant, which is available in Arunachal Pradesh, is purchased; and when it reaches Burma and China, it costs Rs.60 lakh. यही संजीवनी है। मैं आपके माध्यम से मिनिस्टर साहब को यह कहना चाहता हूं कि I really appreciate traditional herbal medicines. I really appreciate Dr. Shashi Tharoor for speaking on research, development and documentation. These are necessary. आपने हमारी कांस्टिट्एंसी में आयुष बिल्डिंग बनाई है। अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया है।

इसमें आप आयुर्वेद को भी शामिल कीजिए। हम अरुणाचल प्रदेश में एक जंगल को काटकर और आग जलाकर खेती करते थे But power company has come to Arunachal Pradesh and now, they are replanting the trees which is important for cancer treatment. मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरी पार्लियामेंट्री कांस्टिट्एंसी में एक लड़की है। She is M.Sc. Gold medallist, and B.Sc. in Agriculture. Today, she is practising four medicines. She is having patients from the USA, South Korea, France, Israel and Switzerland. हिन्दुस्तान में जिसको भी ब्लड कैंसर हुआ या लीवर कैंसर हुआ तो Blood Cancer and Liver Cancer are being treated and cured in Arunachal Pradesh. Hepatitis B in being cured by this medicine . Allergy, skin disease, epilepsy, kidney stones, and even HIV and blood Cancer are being treated by traditional form of medicines in my constituency in Arunachal Pradesh. I think, it is high time the Government of India should look into it. We must go back to the origin. This Ministry should be allotted with huge amounts so that the future of India, the future of this country is safe and secured. Humanism depends on Ayurveda. With these words, I conclude.

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** सभापति जी, आयुर्वेद, जिसका 5000 साल पुराना इतिहास है, उसके बारे में बोलने का आपने मुझे मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

सभापति जी, मैं एलोपैथी के खिलाफ नहीं हूं, एलोपैथी अगर एक बीमारी को ठीक करती है तो दो बीमारियां साथ में दे भी देती है। आज एलोपैथी आम लोगों की पहुंच से बाहर हो रही है। होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक इलाज थोड़ा स्लो है, लेकिन इफेक्टिव है और आम लोगों की पहुंच में है। जो ऐसे कदम सरकार उठा रही है, मैं उनका स्वागत करता हूं। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, मैं 29 सितम्बर, 2019 को उनके आवास पर एक पत्र लेकर गया था और 50 बेड

का होम्योपैथी का पंजाब का पहला हास्पिटल बनाने के बारे में इन्होंने मुझे आश्वासन दिया। उसके लिए पत्र व्यवहार सरकार के बीच चल रहा है। हमारे पास इनका ऑफर लेटर भी आ गया है। मैंने पंजाब के हेल्थ सेक्रेटरी से बात भी कर ली है। वहां एक ट्रस्ट है, जिसके पास 100 एकड़ से ज्यादा जमीन है, इन्होंने मुझे कहा कि पहले वहां 50 बेड का हास्पिटल बनेगा, उसके दो साल बाद कॉलेज और उसके बाद होम्योपैथी की पहली यूनिवर्सिटी वहां बनेगी। इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जो डॉक्टर हैं, वह मुझसे मिले थे, उन्होंने मुझे कुछ मरीजों से मिलवाया, जो उनके इलाज से ठीक हो गए हैं। हमारी ऐसी जो जड़ी-बूटियों की पुरानी परम्परा है, उसको एप्रिशिएट करना चाहिए। अगर आप नॉर्थ इंडिया में, पंजाब में भी हमें ऐसे आयुर्वेद का कोई संस्थान देंगे तो हम उसका स्वागत करेंगे।

सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। मंत्री जी, उस होम्योपैथी हास्पिटल के बारे में प्लीज जरूर बताइए।

**SHRI DNV. SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI):** Sir, I support this Bill. Today, I feel privileged to stand here and speak as a Parliamentarian as my maternal grandfather, Dr. Kumaran, was also an Ayurvedic practitioner. We have rich cultural and traditional values in Ayurveda but what is lacking is that we do not have enough scientific documents and clinical trials and journals to take it to the next level where we can sell it to the westerners and also boost our economy through Ayurvedic medicine. I would urge upon this Government to take steps towards this to set up a separate unit where they only take care of establishing scientific data which can be proved so that Ayurveda can be taken to the next level. Also, I would request the hon. Minister to set up international centres of excellence, not only national centres of excellence, in Kottakkal, Kerala and also in Tamil Nadu.

*SUSHRI S. JOTHIMANI (KARUR):** Sir, Vanakkam. Thiruvalluvar has said in Tamil about Ayurveda medicine. "Mikunum Kuraiyinum Noi Seyyum Noolor Valimuthalaa Enniya moonru." It means that the learned books count three with wind as first among the three of these; as anyone of the three prevail or fail it will cause a disease. Tirukkural explains clearly the basis of Ayurveda medicine that with an increase or decrease of any of the three factors, Vatham, Pitham and Kabham, thereby resulting in health issues. Not only Ayurveda Medicine, Siddha Medicine is promoted successfully in Tamil Nadu. Similar to Ayurveda, Siddha medicine should also be given an important place. There are several Medical Colleges in Tamil Nadu. Particularly in Karur the Medical College of Tamil Nadu Government is functioning successfully. This was opened recently. Even though there are space constraints in this College due to political reasons, I urge upon the Union Government to start a separate Department for Ayurveda with bed facilities in Karur Medical College.

**HON. CHAIRPERSON**: Sushri Jothimani, have you informed that you would speak in Tamil?

**SUSHRI S. JOTHIMANI** : Yes, Sir.

**17.28 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

**SUSHRI S. JOTHIMANI** : There are departments of Ayurveda medicine in many Medical Colleges of Tamil Nadu. But in these medical colleges, there is no place for manufacturing Ayurveda drugs or having bed facilities for providing treatment to patients. Wherever we have

Departments for Ayurveda Medicine, we should create places specifically earmarked manufacturing Ayurveda drugs as well with additional bed facilities for patients getting Ayurveda treatment. Similarly, in all the newly opened Medical Colleges, particularly in Karur there should be separate departments for Siddha medicine and Ayurveda medicine. Thank you.

**आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद येसो नाईक):** अध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं सभी माननीय सदस्यों का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं। कम से कम 34 माननीय सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया है। यह खुशी की बात है कि जो भी सदस्य बोले हैं, उन्होंने इस बिल का समर्थन किया है। बहुत अच्छे सुझाव भी दिए गए हैं, हम उन पर निश्चित तौर से विचार करेंगे।

आयुष मंत्रालय का अध्यादेश स्वास्थ्य योजना को आगे बढ़ाना, पारम्परिक पद्धति को विकसित करना, उसे बढ़ावा देना और प्रचारित करना है, ताकि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अस्वस्थ लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। आयुष बीमारियों को रोकने, उचित आहार और योग के अभ्यास के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर जोर देता है। इसका उद्देश्य चिकित्सा पर लोगों की निर्भरता को कम करना और सामुदायिक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। किसी ने कहा है कि Ayurveda is science of life. यह प्रिवेंटिव भी है, प्रमोटिव भी है और क्योरेटिव भी है, इसलिए तीनों स्तर पर यह अच्छे तरीके से काम कर रहा है। पिछले पांच वर्षों में माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद और अन्य पारम्परिक पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। हम सभी जानते हैं कि वर्ष 2014 को माननीय नरेन्द्र मोदी जी संयुक्त राष्ट्र में योगा के बारे में जो रेजोल्यूशन लाए और आज हम देख रहे हैं।...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** आज हम आयुर्वेद के बारे में बात कर रहे हैं। यह योग का विषय नहीं है।

**श्री श्रीपाद येसो नाईक :** योग तो असली आयुर्वेद है। Yoga is a part of Ayurveda. जिस तरह से योग है, उसी के साथ-साथ आयुर्वेद भी आगे बढ़ रहा है। नेशनल आयुष मिशन के जरिये मैं हर डिस्ट्रिक्ट के सदस्य से आह्वान करता हूं कि इस आयुष मिशन के जरिये देश के हर डिस्ट्रिक्ट में एक अस्पताल सभी पैथी का, जिसमें आयुर्वेद, होम्योपैथी, सिद्धा, यूनानी आदि होने चाहिए। मैं बताना चाहता हूं कि कम से कम 102 अस्पतालों का काम शुरू हो चुका है। जिन्होंने भी प्रपोजल भेजा है, उसका अप्रवल दे दिया है। अभी मान साहब बोल रहे थे कि पंजाब में भी 50 बैड का होम्योपैथी का अस्पताल बन रहा है। मैं सभी से अपील करता हूं कि इस स्कीम द्वारा आपके डिस्ट्रिक्ट में आप यह अस्पताल मांगिए, जिससे कि हमारी सभी पैथी का प्रचार उस अस्पताल द्वारा हो जाएगा। आप जानते हैं कि ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद वर्ष 2017 में दिल्ली के सरिता विहार में, बदरपुर के पास शुरू किया था और आज कम से कम वहां 2000 से ज्यादा पेशेंट ओपीडी में दिखाने के लिए आते हैं। हमारा 100 बैड का अस्पताल आठ-आठ दिन, दस-दस दिन फुल रहता है। कहने का मतलब है कि आज लोगों में आयुर्वेद के प्रति, आयुष के प्रति रुचि और दूसरी पैथियों के लिए भी बढ़ रही है।

**प्रो. सौगत राय:** क्या करोना के लिए भी इसमें कोई दवाई है?

**श्री श्रीपाद येसो नाईक :** हाँ, हमारे पास जो-जो भी था, हमने एडवाइजरी जारी कर दी है। मुझे कहने में खुशी है कि पहले कोई कम्पनी इंश्योरेंस में आयुष को शामिल करने के लिए तैयार नहीं था, लेकिन आज कम से कम 27 बीमा कम्पनियों ने अपना प्रस्ताव दे दिया है। आप आयुष में जो भी इलाज करेंगे, उसका भुगतान बीमा कम्पनी द्वारा किया जाएगा। गुणवत्तायुक्त आयुष शिक्षा मुहैया कराने का जो काम है, वह मुख्य व्यापक उद्‌देश्यों में से एक है। स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर कुल 704 आयुष कालेज हमारे देश में हैं। उसमें आयुर्वेद के ज्यादा हैं। उसके बाद होम्योपैथी के हैं, फिर यूनानी के हैं, फिर सिद्धा

के हैं, योगा और नेचुरल पैथी के भी हैं। इसमें से कम से कम 45 हजार स्नातकोत्तर आयुष व्यावसायिक शिक्षा हर साल प्राप्त करते हैं। मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य निकाय के रूप में 11 राष्ट्रीय स्तर पर आयुष संस्थान कार्य कर रहे हैं। इनमें से 11 राष्ट्रीय संस्थानों और 7 संस्थानों में नभ एक्रिडिटेशन का काम चल रहा है।

इस गुणवत्ता को सख्त मानकों में कायम रखा जा सके, यह हमारा प्रयास है। जो हॉस्पिटल्स या कॉलेजेज होंगे, उनको नव एक्रिडटेशन लेना पड़ेगा, हमारी यह कोशिश चालू है। कई कॉलेजों ने नव एक्रिडटेशन का काम शुरू किया है। आईटीआरए बिल, 2020 में तीन संस्थानों, जैसे आयुर्वेद, स्नातकोत्तर शिक्षण और अनुसंधान संस्थान, जामनगर, श्री गुलाब कुवरबा आयुर्वेद महाविद्यालय, जामनगर और गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर की फार्मेसी इकाई सहित आयुर्वेदिक फार्मास्यूटिकल साइंस संस्थान को पृथक करने तथा एक संस्थान अर्थात् आयुर्वेद प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए) का गठन करने तथा उस संस्थान को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्रदान करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान के स्वास्थ्यवृत्त विभाग में महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान को मान्यता प्रदान करना भी प्रस्तावित है।

आईपीजीटीआरए के 10 विभागों में यह क्यों किया? माननीय शशि थरूर जी ने प्रश्न पूछा कि गुजरात ही क्यों, जामनगर ही क्यों? इस आईपीजीटीआरए के 10 विभागों में स्नातकोत्तर डिग्री 53 सीटों और 13 विशेषज्ञताओं के क्षेत्र में पीएचडी डिग्री 20 सीटें और आयुर्वेद में वैज्ञानिक अनुसंधान करने के लिए 6 सुस्थापित प्रयोगशालाएँ और आयुर्वेद में शिक्षण और वैज्ञानिक अनुसंधान में सहयोग प्रदान करने के लिए 200 बिस्तरों वाला अस्पताल है। संस्थान की स्थापना आयुर्वेद में विश्व स्तर के अकादमीविदों, चिकित्साभ्यासियों और अनुसंधानकर्ताओं को दृष्टि में रखकर की गई है, ताकि यह आयुर्वेद संस्थान एक उच्च कोटि का संस्थान बने और आगे चलकर राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्राप्त करे। इस संस्थान का लक्ष्य प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान के संरक्षक की भूमिका निभाते हुए शिक्षा, प्रशिक्षण, चिकित्सा-उपचार और अनुसंधान के क्षेत्र में योग्य

मानव संसाधन विकसित करना है। इस अभियान में भारत और पूरे विश्व में आयुर्वेद का प्रोत्साहन और प्रचार-प्रसार भी शामिल है। इस संस्थान में आईपीजीटीआरए को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पारंपरिक चिकित्सा में सहयोग केन्द्र के रूप में नामांकित किया है, यह उसका एक पहलू है। डब्ल्यूएचओ ने अपने कार्यकलाप के भाग के रूप में यहां फार्माकोविजिलेंस एक प्रशिक्षण कार्याशाला भी आयोजित किया है। आईपीजीटीआरए ने अपने पांच वर्षों के इतिहास में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। संस्थान ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 30 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर  हस्ताक्षर किया गया है। आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, आयुष औषधि में फार्माकोविजिलेंस पद्धति आरंभ करने वाला यह पहला संस्थान है। इस संस्थान में विभिन्न बीमारियों के लिए अनेक चिकित्सा प्रोटोकाल और चिकित्सा नियमावली को विकसित किया गया है। औसतन तीन-चार छात्रों को भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग स्कीम के माध्यम से सहयोग किया जा रहा है। कम से कम 43 देशों से बच्चे यहां पढ़ने के लिए आते हैं और मेरे ख्याल से सरकार उन पर खर्च करती है।

महोदय, दो व्यापक मुद्दों के बारे में सभी ने कहा है, जामनगर क्यों, केरल क्यों नहीं? आयुष को शुरू हुए यह छठा साल है। यह केवल शुरुआत है। एक-दो शुरू हो जाने के बाद हमें आगे काम करने में आसानी होगी। आपने कहा तिरुवनंतपुरम के इंस्टिट्यूशन के बारे में कहा है। Government Ayurveda College, Thiruvananthapuram is also a premier Ayurveda Teaching Institution currently running under the State Government. As far as this institution is concerned, even though it is having graduate and post-graduate courses, wide range of collaborative research and professional network activities in academics are yet to be developed by this institute.

जब ये एक्टिविटीज आगे बढ़ेंगी, तो मैं कह सकता हूँ कि हम इसको विश्वविद्यालय का दर्जा दे देंगे। उसके बाद, जो भी प्रपोजल हैं, निश्चित रूप से उन पर विचार किया जाएगा। कई माननीय सदस्यों ने कहा है कि एक ही नहीं, इस देश में पाँच से दस विश्वविद्यालय हमें बनाने पड़ेंगे, क्योंकि आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार और इसकी डिमांड पूरी करने के लिए हमें ज्यादा इंस्टिट्यूट्स की

आवश्यकता पड़ेगी। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूँ कि जब अगला नम्बर आएगा, तो निश्चित रूप से तिरुअनन्तपुरम का आएगा।

**डॉ. शशि थरूर:** वह आपकी मदद के बिना नहीं होगा।

**श्री श्रीपाद येसो नाईक :** वह तो हम करेंगे, निश्चित रूप से करेंगे।

रिसर्च के बारे में आप लोगों ने कहा है, अभी चारों पैथीज के रिसर्च काउंसिल हैं, जो अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। कई फॉर्मूले लोगों के सामने प्रस्तुत किए गए हैं, मेडिसिन भी बन रहे हैं। चारों रिसर्च सेन्टर्स अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। रिसर्च तो शुरू है, लेकिन इसे और तेज गति से करना चाहिए, जब इस इंस्टिट्यूट में भी रिसर्च का काम होगा, तो निश्चित रूप से उसमें मदद हो जाएगी।

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय):** माननीय सांसदगण का कायाकल्प करा दीजिए।

**श्री श्रीपाद येसो नाईक:** कायाकल्प के लिए भी एक सिस्टम है। एक-एक करके हम आगे जाएंगे।

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण):** सर, ये जो बाल उड़ता है, इसका कुछ उपाय है?…(व्यवधान)

**श्री श्रीपाद येसो नाईक:** महोदय, सभी सांसदों ने जिस तरह से इस बिल को सपोर्ट किया है, मैं उनका तहे दिल से एक बार फिर स्वागत करता हूँ। उन्होंने जो विचार प्रकट किए और उन्होंने हमें जो सूचनाएँ दी हैं, हम उन पर सही वक्त पर निश्चित रूप से विचार करेंगे। जामनगर और बाकी जगहों पर रिसर्च सेन्टर क्यों नहीं हैं, मैंने उन प्रश्नों के उत्तर दे दिए हैं।

महाराष्ट्र के बारे में जो मुद्दे उठाए गए हैं, चाहे वे माननीय कोले साहब हों या माननीय विनायक राऊत जी हों, उन्होंने मेडिसिन इंस्टिट्यूट्स के बारे में जो सजेशंस दिए हैं, हम भी कोशिश करेंगे कि कम-से-कम आज सभी पैथीज की काउंसिल्स के लिए बिल्डिंग्ज़ की व्यवस्था हो, हरेक पैथी के नेशनल इंस्टिट्यूट हरेक स्टेट में हों, यह हमारा प्रयास है। जब ऐसे इंस्टिट्यूट्स बनेंगे, तभी इनका प्रचार-प्रसार होगा और इनका उपयोग रिसर्च के लिए भी बहुत अच्छी तरह से होगा।

मैं कहना चाहता हूँ कि आपने जो विचार प्रकट किए हैं, जो सूचनाएँ दी हैं, हम उन पर निश्चित रूप से अमल करेंगे। मैं आपका ज्यादा वक्त न लेते हुए,… (व्यवधान)

महोदय, मैं यही कहना चाहता हूँ कि जिस तरह से माननीय सुरेश जी और कई सदस्यों ने जो डिमांड किए हैं, जब हमें मौका मिलेगा, चाहे केरल में हो या बाकी स्थानों पर हो, जैसे ही हमारे पास फंड आएंगे, हमने किसी राज्य के साथ फंड के मामले में डिसक्रिमिनेशन नहीं किया है। हमारे पास जो भी फंड आए, हमने उनको वैसे ही राज्यों के पास पहुँचा दिए हैं। जब हमारे पास ज्यादा फंड आएंगे, हमारे मित्र ने डिमांड की है कि आयुष का जो बजट है, वह बहुत ही कम है। जब हमें ज्यादा बजट मिलेगा, तो हम ज्यादा फंड आपके राज्यों को रिलीज करेंगे।

अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट में फोक मेडिसिन का हमने एक इंस्टिट्यूट स्थापित किया था। वहाँ की कठिनाइयों को सामने रखते हुए, माननीय सांसद श्री तापिर गाव जी ने माँग की है कि फोक मेडिसिन और आयुर्वेद को जॉइंट करके काम किया जाए। मैं इसके लिए उनको आश्वस्त करता हूँ कि आयुर्वेद और फोक मेडिसिन दोनों को मिलाकर हम इंस्टिट्यूट चलाएंगे।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA):** There should be an Ayurveda clinic in Parliament House.

**श्री श्रीपाद येसो नाईक:** आयुर्वेद में सभी तरह की दवाएँ हैं। हमें थोड़ा मौका दीजिए, सभी तरह की दवाएँ हम देने की कोशिश करेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं कहना चाहता हूँ कि आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान विधेयक के पारित होने से चिकित्सा क्षेत्र में उत्तम मानव संसाधन एवं विकास एवं आयुर्वेद में उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करने के लिए निश्चित रूप से अवसर मिलेंगे।

मैं सभी माननीय सदस्यों से इस विधेयक को पारित करने के लिए सहयोग और समर्थन करने का अनुरोध करता हूँ।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, आयुर्वेद की जो मार्केट है, वह बहुत तगड़ी मार्केट है। …(व्यवधान) यह मार्केट 30 हजार करोड़ रुपये की है और इसका ग्रोथ 16 परसेंट है। …(व्यवधान) वर्ष 2022 तक आयुर्वेद मार्केट की टोटल नेट वर्थ 9.7 बिलियन डॉलर की हो जाएगी। …(व्यवधान) इसका मतलब फ्यूचर में आयुर्वेद मार्केट की बड़ी संभावनाएं हैं। …(व्यवधान) हमें भी कुछ कदम उठाने पड़ेंगे। …(व्यवधान) सबसे बड़ा मुद्दा रिसर्च का है। …(व्यवधान) रिसर्च के लिए आपको पैसा नहीं मिलता है, यह आपने यहां कहा है, लेकिन पैसे के बिना तो रिसर्च नहीं हो सकता कि पैसा नहीं है, इसलिए रिसर्च नहीं होगा। …(व्यवधान)

दूसरी बात यह है कि आयुर्वेद के लिए प्योर-हर्ब चाहिए, लेकिन आजकल उसमें बहुत आर्टिफिशियल पेस्टिसाइड्स इस्तेमाल होते हैं। …(व्यवधान) इसलिए, हर्ब का रख-रखाव करने के लिए जो बोर्ड है …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय अधीर रंजन जी, आप इधर देखकर बात कीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** सर, मैं और एक बात कहना चाहता हूं। …(व्यवधान) इस क्षेत्र में जो सबसे बड़ी समस्याएं हैं, जो हमारे सामने आ रही हैं, वे क्वॉलिटी एंड स्टैन्डर्ड ऑफ आयुर्वेद एजुकेशन हैं।

सर, मैं दो-तीन मिनट में नहीं, दो-तीन शब्दों में अपनी बात खत्म करूंगा। दूसरी बात यह है कि इसके लिए नैसिसरी रिसर्च गाइडलाइन नहीं है, कोई क्लीनिकल एप्लीकेशन नहीं है। क्लीनिकल एप्लीकेशन नहीं होने से एविडेंस बेस्ड स्टडी नहीं होती है। …(व्यवधान) सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि आप रिसर्च करते हैं, लेकिन रजिस्ट्री के क्लीनिकल ट्रायल्स आपके पास नहीं हैं। रजिस्ट्री के क्लीनिकल ट्रायल्स आपके पास होने चाहिए। आपको आम लोगों के अंदर जागरूकता बढ़ानी चाहिए।

सर, हिन्दुस्तान में 77 फीसदी लोग आयुर्वेद इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उनको सारी जानकारी नहीं है। …(व्यवधान) इनको मैरिट्स और डीमैरिट्स की जानकारी नहीं है। आप सबको धड़ल्ले से आयुर्वेद का कारोबार करने का मौका देते हैं, न कोई फीस है, न कोई रजिस्ट्रेशन है, न कोई लाईसेंस है, जिसकी मर्जी, धड़ल्ले से कारोबार करते जाओ।

आयुर्वेद हॉस्पिटल्स और मेडिकल इन्स्टिट्यूशन्स से जो डॉक्टर्स निकलते हैं, उनको नौकरी कहां मिलती है? जिस दूर-दराज गांव में एलोपैथी डॉक्टर नहीं है, वहां आप आयुर्वेद डॉक्टर को इस्तेमाल करते हैं। …(व्यवधान) आप जब तक आयुर्वेद डॉक्टर को एलोपैथी डॉक्टर की तरह इस्तेमाल नहीं करेंगे, तब तक आयुर्वेद पढ़ने के लिए आम बच्चों और युवाओं में दिलचस्पी नहीं आएगी। …(व्यवधान)

सर, मैं ये सारी बातें कहना चाहता हूं। …(व्यवधान) मैं एकदम लास्ट में रिडन्डेन्ट टीचिंग प्रोग्राम के बारे में कहना चाहता हूं -

The Continuing Medical Education (CME) programmes being conducted by Rashtriya Ayurveda Vidyapeeth are the only faculty development programmes formally available in the field of Ayurveda at

present. The programmes suffer from redundancy and repetition of material. There is no enough emphasis laid upon instructional methods that are innovative in nature, the examination and evaluation skills are criticised as obsolete, and the research methods and research ethics need to be more thorough and have to adjust to the needs of the present day. The way forward in order to help the practice of Ayurveda in the long-term would be to also try unconventional methods in the field, as a result of changing needs of the society, and not wholly relying on traditional methods.

सर, भगवान विष्णु के अवतार धन्वंतरी थे। …(व्यवधान) समुद्र मंथन करते हुए उन्होंने जो शक्ति उगली थी, उसी से आयुर्वेद पैदा हुआ। आयुर्वेद का अर्थ है – जिसमें आयु का ज्ञान होता है। आप ज्यादा ज्ञान लीजिए, आपको भी तन्दुरुस्ती की जरूरत है, क्योंकि एक तरफ आयुर्वेद मिनिस्ट्री, दूसरी तरफ आर्मी, आप कैसे संभालेंगे? इसलिए आप ज्यादातर आयुर्वेद दवा इस्तेमाल करते रहिए। मैं आपका समर्थन करता हूं।

**श्री श्रीपाद येसो नाईक:** अधीर रंजन जी, थैंक-यू।

अध्यक्ष महोदय, लीडर ऑफ दि कांग्रेस पार्टी ने यहां अपने सुझाव रखे हैं। हमारी जो एपेक्स रिसर्च काउंसिल्स हैं, वे हर रोज़ अपना रिसर्च का काम करती हैं। कम से कम आयुर्वेद में ही हमारी मेन 35 एपेक्स बॉडीज़ हैं, बाकी रिसर्च की 31 बेंचेज़ हैं। इन काउंसिल्स के रिसर्च केसेज़ मेरे ख्याल से पीरियॉडिक जनरल में पब्लिश भी होते हैं। यह काम शुरू हो चुका है। आज जो नए इंस्टीट्यूट्स आ रहे हैं, उनमें भी जब रिसर्च होगा तो उनमें भी निश्चित तौर पर मदद करेगा।

मैं कहना चाहता हूं कि जैसे, हमारे डॉक्टर्स हैं, मैने जैसा, कहा कि 45 हजार डॉक्टर्स हर साल पढ़ाई करके बाहर आते हैं। आज नेशनल हैल्थ मिशन में हमारे आयुष के डॉक्टर्स अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। वे आयुष मिशन में काम

कर रहे हैं और नेशनल हैल्थ मिशन में भी काम कर रहे हैं। इसी तरह से हर सेंटर पर हमारे डॉक्टर्स बैठे हुए हैं और पैथी की प्रैक्टिस कर रहे हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि आयुर्वेद शिक्षण और अनुसंधान संस्थान की स्थापना और उसे आयुर्वेद और सहबद्ध शाखाओं शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण की क्वालिटी तथा उत्कृष्टता के संवर्धन के लिए राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में घोषित करने तथा उससे संबंधित और उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष:** अब सभा विधेयक पर खण्डवार विचार करेगी।

**Clause 2 Declaration of Institute of Teaching and Research in Ayurveda as an Institution of national importance**

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

-

**Clause 3 Definitions**

**माननीय अध्यक्ष**: श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 2 और 3 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Though the hon. Minister has given the assurance, I am still moving this amendment to caution him. Sir, I beg to move:

Page 2, line 9,--

a*fter* "Pharmaceutical Sciences, Jamnagar"

*insert* "and the Regional Ayurveda Research Institute for Life Style Related Disorders, Thiruvananthapuram". (2)

Page 2, *after* line 32,--

*insert* '(*ka*) "Regional Ayurveda Research Institute for Life Style Related Disorders, Thiruvananthapuram" means Regional Ayurveda Research Institute for Life Style related Disorders (RARILSD), unit under the Council for Research in Ayurveda Sciences functioning at Poojapura, Thiruvananthapuram, Kerala'. (3)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 3 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 2 और 3 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

<u>संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।</u>

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि खंड 3 विधेयक का अंग बने।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

<u>खंड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया।</u>

**Clause 4 Establishment and incorporation of Anteceding Institution as Institute of Teaching and Research in Ayurvdea**

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 4 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN**: It is the same amendment. Sir, I beg to move:

Page 2, line 41,--

*after* "Pharmaceutical Sciences, Jamnagar"

*insert* "Pharmaceutical Sciences, Jamnagar and Regional Ayurveda Research Institute for Life Style Related Disorders, Thiruvananthapuram". (4)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 4 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि खंड 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

खंड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया।

**Clause 5 Effect of incorporation of Anteceding Institutions as Institute of Teaching and Research in Ayurveda**

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 5 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN**: Sir, I am seeking two minutes' time just to explain this amendment. This amendment is regarding those who are employed in the institute. What is the fate of those employees? As per the new provision, they will be enjoying all the benefits. They will continue in service. It says, 'unless and until his employment is terminated or until such tenure, remuneration and terms and conditions are duly altered by regulations'. That means, if it is altered by regulation, he has to go out. It is totally, anti-labour, and unfriendly with the existing staff. Kindly accept this amendment. I hope, Saugata Roy ji has also moved the same amendment. Amendment Nos 5,6 and 7 relate to this problem of the existing staff. Their benefits shall never be curtailed by means of having a new institute. That is my amendment.

Sir, I beg to move:

Page 3, lines 17 and 18,--

*omit* "unless and until his employment is terminated or until such tenure, remuneration and terms and conditions are duly altered by regulations". (5)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 5 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 5 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 6 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN**: Sir, I beg to move:

Page 3, *omit* lines 19 to 24. (6)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 5 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 6 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष**: श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 7 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN**: I beg to move:

Page 3, line 26, -

*after* "Jamnagar"

*insert* "and the Deputy Director (General), Regional Ayurveda Research Institute for Life Style related Disorders, Thiruvananthapuram". (7)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 5 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 7 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 10 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY**: I beg to move:

Page 3, *for* lines 16 to 18, -

*substitute* "as are available to persons of similar rank or position employed in the All India Institute of Medical Sciences:". (10)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 5 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 10 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि खंड 5 विधेयक का अंग बने।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

<u>खंड 5 विधेयक में जोड़ दिया गया।</u>

**Clause 6 Composition of Institute**

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 8 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN**: Sir, I am moving Amendment no. 8, that is, after "Gujarat", insert "Kerala". I beg to move:

Page 3, line 46, -

*after* "Gujarat"
*insert* "and Secretary, Department of Health, Government of Kerala". (8)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 8 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

<u>संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।</u>

**माननीय अध्यक्ष:** प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 11 से 14 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY**: Hon. Speaker, Sir, just give me one minute. I would like to say something. I was disappointed to find that the Institute of Ayurveda was set-up in Gujarat instead of West Bengal or in Kerala.

West Bengal has a great tradition of Ayurveda. So, at least, in the composition of this Institute at Jamnagar, the Secretary of Department of Health from West Bengal should be included. I also want that after

"three Members of Parliament", you should insert "belonging to the States where Ayurvedic institutions are prominent".

I beg to move:

Page 3, *for* line 46, -
*substitute* "(c) four Secretary, Department of Health, from different States like West Bengal, Kerala, Karnataka and Gujarat where Ayurvedic institutions are prominent, *ex-officio*;
the Secretaries, Department of AYUSH of four States, where Ayurvedic Institutions are prominent like West Bengal, Kerala, Karnataka and Gujarat, *ex-officio*".

(11)

Page 3, *for* lines 48 and 49, -
*substitute* "(e) the technical head of Ayurveda, not below the level of Superintendent of Ayurveda Hospital having masters degree in Pharma (Ayurveda), ex-officio;".
(12)

Page 4, line 8, -
*after* "there experts in Ayurveda,"
*insert* "belonging to the States of West Bengal, Kerala and Gujarat,". (13)

Page 4, line 10, -
*after* "three Members of Parliament,"
*insert* "belonging to the States where Ayurvedic institutions are prominent".
(14)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 11 से 14 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

<u>संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।</u>

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि खंड 6 विधेयक का अंग बनें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 6 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 7 से 9 विधेयक में जोड़ दिये गये।

**Clause 10 Governing Body and other Committees of Institute**

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 9 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN**: I am moving Amendment no. 9, that is, after "Jamnagar", insert "Thiruvananthapuram".

I beg to move:

Page 5, line 20, -

*after* "Jamnagar"
*insert* "and Deputy Director (General), Regional Ayurveda Research Institute for Life Style related Disorders, Thiruvananthapuram". (9)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 10 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 9 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि खंड 10 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 10 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 11 से 31 विधेयक में जोड़ दिये गये।

**Clause 1** **Short title and commencement**

**माननीय अध्यक्ष:** श्री सुरेश कोडिकुन्नील, क्या आप संशोधन 1 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA):** I have only one amendment. Hon. Minister, kindly accept the same. It is a very small amendment. Instead of "Institute of Teaching and Research in Ayurveda", I am amending it as "Institute of Research and Development in Ayurveda". It is a very small amendment. Kindly accept it.

I beg to move:

Page 1, line 5, -

*for* "Institute of Teaching and Research in Ayurveda"

*substitute* "Institute of Research and Development in Ayurveda". (1)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री सुरेश कोडिकुन्नील द्वारा खंड 1 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 1 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि खंड 1 विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 1 विधेयक में जोड़ दिया गया।

अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिये गये।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

**SHRI SHRIPAD YESSO NAIK:** I beg to move:

"That the Bill be passed".

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

-

-

**माननीय अध्यक्ष:** अगर सदन की सहमति हो तो अविलम्ब लोक महत्व के विषय पर आपके आग्रह पर सदन 7 बजकर 30 मिनट तक बढ़ाया जाए? सभी माननीय सदस्य अपनी विषय वस्तु को संक्षेप में एक मिनट के भीतर रखने का प्रयास करें।

**SEVERAL HON. MEMBERS:** Yes.

-

-

-

**18.00 hrs**